बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 32, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 16
मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 15

## एक नजर

### दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था। अब एक बार फिर से समय दो दिनों के लिए परिवर्तित किया गया है।

### पूर्व विधायक के बंगले में चली गोली, एक की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार तड़के सिविल लाइन स्थित पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में अचानक गोली चलने से प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मौत हो गई। घटना में असिस्टेंट प्लाटून कमांडर (एपीसी) राम कुमार दोहरे घायल हो गए उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आशीष वर्मा पूर्व विधायक के पुत्र है। वह भी गोली चलने के समय सिविल लाइन बंगले में मौजूद थे। जहां पीड़ित जवान वीआईपी सुरक्षा में तैनात थे।

### उत्तराखंड में बच्चों को माह में एक दिन बस्ते से छूट

**काशीपुर।** उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग ने माह के एक दिन बच्चों को बस्ते से मुक्त रखने की योजना बनाई है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम से हटकर व्यावसायिक गतिविधियां, बैंकिंग और हस्तशिल्प हुनर का ज्ञान ले सकें।

# भगवा रथ... भगवा पोशाक, बरेली में निकले मोदी




बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## शंख और डमरू की गूंज से हुई शुरुआत, जय श्रीराम के नारों के साथ समापन

- शुरू से आखिर तक बरसते रहे फूल, नजदीक आने के लिए कई बार बेकाबू हुए लोग
- मुख्यमंत्री के साथ रथ पर सवार प्रधानमंत्री लगातार करते रहे भीड़ का अभिवादन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथ नगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवामय माहौल में शंख और डमरू की ध्वनि के बीच राजेंद्रनगर के स्वयंवर बरातघर से शुरू हुए रोड शो पर शुरू से आखिर तक फूल बरसते रहे। हाथ में पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री 45 मिनट में शहीद पंकज अरोरा चौक पहुंचे। इस बीच कई बार लोग नजदीक आने की कोशिश में बेकाबू हो गए।

रोड शो शाम करीब 6:55 बजे शुरू हुआ। सजे-धजे रथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सांसद संतोष गंगवार और छत्रपाल गंगवार के साथ आगे बढ़े तो जन समुदाय में तेज हलचल के साथ उद्घोष शुरू हो गए। हर कोई प्रधानमंत्री को नजदीक से देखने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ते रहे। समापन स्थल पहुंचने तक रोड शो में करीब 12 जगह पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। रोड शो को भव्य बनाने के लिए रूट पर पड़ने वाले सभी घरों और दुकानों के बाहर जय श्रीराम लिखवाया गया था। इसके अलावा भगवा झंडे और नाथ नगरी के पोस्टर भी लगाए गए थे। रोड शो के दौरान उत्साहित भीड़ लगातार जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाती रही। रथ के आगे और पीछे कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया था।

### संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया। भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोट देने का अनुरोध किया।

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक 54.83 प्रतिशत मतदान

# अमरोहा में 64.02% मतदान

**56.62%** अलीगढ़ **55.93%** बागपत **58.70%** मेरठ **55.79%** बुलंदशहर **49.65%** गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी/अमृत विचार नेटवर्क

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में 64.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 56.42 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत, असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।



बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी



बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

### मथुरा में सबसे कम 49.29 प्रतिशत हुई वोटिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

# वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है।

### चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

# साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी, सेमेस्टर प्रणाली खारिज

- अगले माह इसके लिए प्रधानाध्यापकों से बैठक करेंगे बोर्ड और शिक्षा मंत्रालय

नयी दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी। हालांकि, इसे एक साल आगे बढ़ा दिया गया है।

# बरात ले जाने से पहले हार्टअटैक से दूल्हे की मौत

- गांव के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जाते समय गई जान

संवाददाता, अफजलगढ़ (बिजनौर)

**अमृत विचार :** शादी के जोड़े में सजी दुल्हन के सपने उस समय चकनाचूर हो गए, जब बरात जाने के दौरान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे दूल्हे की हार्टअटैक से मौत हो गई। इससे दोनों परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

गांव सीरवासूचंद के रहने वाले भजन सिंह के पुत्र नीतू कुमार (22) की बरात शुक्रवार को गांव हिदायतपुर चोहड़वाला जानी थी। बताया गया कि इस दौरान नीतू कुमार रविदास धर्मशाला के पास बने मंदिर में पूजा करने के लिए जा रहा था। तभी अचानक उसे हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। शादी वाले दिन दूल्हे की मौत से घर में चीख पुकार मच गई। धारी सिंह की पुत्री अनीता दुल्हन बनने से पहले हीअपने हाथों पर मेहंदी लगाए इंतजार करती रह गईं। नीतू एक माह पहले ही शादी के लिए सऊदी अरब से आया था, लेकिन दुल्हन को घर लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।



# छह वर्षीय भांजे की ब्लेड से गला रेतकर हत्या, ईंट से सिर भी कुचला

- लोगों ने हत्यारोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा, दुर्गा धाम कॉलोनी में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र की दुर्गा धाम कॉलोनी में रिश्ते के मामा ने छह वर्षीय भांजे की ब्लेड से गला रेत कर हत्या कर दी और फिर ईंट से सिर कुचल दिया। चीखपुकार सुनकर लोगों ने हत्यारोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हत्यारोपी नाबालिग बताया जा रहा है, वह इस्लामनगर (बदायूं) के एक स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ता है।



मूलरूप से बनारस निवासी राजबल्लभ की पत्नी राजवती ने बताया कि उनके तीन पुत्रियां सविता, रविता व अमृता हैं। सविता की बेटी वर्षा की शादी नौ वर्ष पहले जनपद बदायूं के थाना बिल्सी के गांव गढ़ी रिसौली के राहुल से हुई थी। दो वर्ष बाद तलाक हो गया। इस बीच वर्षा ने पुत्र कुंज को जन्म दिया। कुछ समय बाद वर्षा के माता-पिता का निधन हो गया। परनाना राजबल्लभ ने वर्षा को गोद ले लिया। तभी से वर्षा चन्दौसी के दुर्गा धाम कॉलोनी में रहती है। वहीं वर्षा की मौसी रविता की शादी इस्लानगर में बलवीर से हुई है। शुक्रवार सुबह इस्लामनगर का किशोर वर्षा के मौसेरा भाई कुंज को लेकर घर से बाहर आ गया और एक निर्माणाधीन मकान के सेफ्टी टैंक में बालक को फेंक दिया। इसके बाद टैंक में उतरकर ब्लेड से उसका गला रेत दिया।

# मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा उम्मीदवार पर रिश्वतखोरी का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया है। चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा कार्रवाई की ओर से यह कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि भाजपा उम्मीदवार के सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ 4.8 करोड़ रुपये नकद जब्त करने का मामला दर्ज किया है। चिक्काबल्लापुरा के एफएसटी ने उनके पास नकद राशि को जब्त की है। निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा मदनायकनहल्ली थाना में सुधाकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# केजरीवाल ने राजनीतिक हित को ऊपर रखा : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर शुक्रवार को आप सरकार को लताड़ लगाई और कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उन्होंने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है।

अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की सत्ता के समायोजन में रुचि है। दिल्ली सरकार के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि इस मामले में केजरीवाल से मंजूरी की आवश्यकता है, जिसके बाद अदालत ने यह तल्ख टिप्पणी की। केजरीवाल, 2021 की आबकारी नीति के संबंध में कथित धन शोधन के मामले में हिरासत में हैं। अदालत ने कहा कि अब तक हमने विनम्रतापूर्वक इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है लेकिन मौजूदा मामले ने उजागर कर दिया कि यह गलत है।




अदालत इस मामले में सोमवार को आदेश पारित करेगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा, मुझे यह कहते हुए बेहद दुख हो रहा है कि आपने अपने हित को विद्यार्थियों और पढ़ने वाले बच्चों के हित से ऊपर रखा।

> बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर हाईकोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि सत्ता का इस्तेमाल करने में उनकी रूचि है।

अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर वह (केजरीवाल) चाहते हैं कि प्रशासन पंगु हो जाए तो यह सीएम का व्यक्तिगत विचार है। पीठ ने कहा कि नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों को सभी को साथ लेकर चलना होगा क्योंकि यह एक व्यक्ति के प्रभुत्व का मामला नहीं हो सकता है। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि वह मुख्यमंत्री की ओर से पेश नहीं हुए हैं।

### दिल्ली सरकार के पास 3 हजार फाइलें लंबित

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित तीन हजार से अधिक फाइल विभिन्न मंत्रियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री के पास कई वर्षों से लंबित हैं। आप सरकार की ओर से इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, केजरीवाल सरकार प्रशासन और शासन के लिए नहीं बल्कि प्रचार और भ्रष्टाचार के लिए है। इसके अलावा महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी 420 फाइल ऐसी हैं जो मुख्यमंत्री के स्तर पर लंबित हैं।

# कार में आग से दो माह का बच्चा और मां की जलकर मौत

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई।

# शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी राजेश का नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सपा (गठबंधन) के घोषित उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया और हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गईं। सपा आलाकमान के आदेश पर ही ज्योत्सना का नामांकन कराया था।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।



राजेश कश्यप



ज्योत्सना गौंड

- अब हरदोई की ज्योत्सना गौंड होंगी सपा प्रत्याशी

> समाजवादी पार्टी ने ज्योत्सना गौंड के पक्ष में पत्र जारी कर दिया था कि वह सपा की अधिकृत प्रत्याशी हैं। जिसके बाद राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया। - **प्रवेंद्र कुमार**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट



## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- ☞ श्री बालाजी जन्मोत्सव के मौके पर शोभायात्रा मिस्टन गंज से अपराह्न 3:30 बजे।
- ☞ ज्वालानगर स्थित शिव मंदिर में साईं बाबा की पूजा-अर्चना शाम 6:30 बजे।

## एक नजर

### 648 ग्राम चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चौकी कुंडा क्षेत्रान्तर्गत मठ वाला कब्रिस्तान के पास से अरबाज पुत्र असलम को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 330 ग्राम चरस तथा 300 रुपये मिले। इसके अलावा शाहिद उर्फ पप्पू काला पुत्र साजिद की तालाशी में 318 ग्राम चरस तथा 150 रुपये मिले। दोनों आरोपियों को 648 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर चालान कर दिया है।

### दो चाकूओं संग दो पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग के दौरान रवि को पालिटेक्निक तिराहा ताशका मझरा रोड से चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आयुध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इसके अलावा पुलिस ने भारत पुत्र मनोहर लाल को एनएच-9 आगापुर अंडरपास के पास से चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया।

## सड़क हादसों में चार लोग जख्मी, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में चार लोग जख्मी हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुरगांव निवासी प्रमोद और विनोद बाइक सिरौली जा रहे थे। रास्ते में हिम्मतपुर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं, दूसरी ओर मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सनाई निवासी सलीम और कासिम शाहबाद आ रहे थे। रास्ते में राणा शुगर मिल के निकट सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इस दौरान जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ओमकार सिंह ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया और जाम खुलवाया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मुंह के छालों का ठीक न होना और खून की उल्टी होना कैंसर के लक्षण, इलाज से दूर हो जाते हैं त्वचा पर सफेद धब्बे और लड़कियों के चेहरे पर बाल

# प्रथम चरण में जानकारी होने पर कैंसर का इलाज संभव

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** कैंसर का नाम सुनते ही हर किसी के रौंगटे खड़े हो जाते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि प्रथम चरण में पता चलने पर कैंसर का इलाज संभव है। मुंह के छालों का ठीक नहीं होना या खून की उल्टियां होना कैंसर के लक्षण हैं। कैंसर कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं। सामान्य कोशिकाओं को मरने (एपोप्टोसिस) के लिए प्रोग्राम किया जाता है। कैंसरग्रस्त कोशिकाएं उन दिशाओं को नजरअंदाज कर देती हैं। ठोस अंगों के लिए सामान्य कोशिकाएं यथावत रहती हैं। सभी कैंसरग्रस्त कोशिकाएं इधर-उधर घूमने में सक्षम हैं।

सामान्य कोशिकाएं कैंसरग्रस्त कोशिकाओं की तरह तेजी से नहीं बढ़ती हैं। शरीर में कैंसर तब शुरू होता है जब एक जीन या कई जीन उत्परिवर्तित होते हैं और कैंसर कोशिकाएं बनाते हैं। ये कोशिकाएं कैंसर क्लस्टर या ट्यूमर बनाती हैं। कैंसर कोशिकाएं लसीका तंत्र या रक्तप्रवाह का उपयोग करके शरीर के अन्य क्षेत्रों में यात्रा करने के लिए ट्यूमर से अलग हो सकती हैं। इसे मेटास्टेसिस कहते हैं। स्तन का ट्यूमर फेफड़ों तक फैल सकता है। इससे रोगी का सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। कुछ प्रकार के रक्त कैंसर में अस्थि मज्जा में असामान्य रक्त कोशिकाएं बनाती हैं, जो अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं। असामान्य कोशिकाएं सामान्य रक्त कोशिकाओं को खत्म कर देती हैं। अमृत विचार टीम ने गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा प्रबंधक कमेटी एवं सिंह सेवक जत्था समिति के सहयोग से लगे निशुल्क चिकित्सा परीक्षण के दौरान श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हास्पिटल बरेली के कैंसर, त्वचा, नाक, कान और गला विशेषज्ञ चिकित्सकों से बातचीत की।



"कैंसर एक जटिल बीमारी है। बिना लक्षण विकसित हुए वर्षों तक कैंसर हो सकता है। अन्य समय में कैंसर ध्यान देने योग्य लक्षण पैदा कर सकता है जो बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं। कैंसर के कई लक्षण अन्य, कम गंभीर बीमारियों से मिलते-जुलते हैं। अस्पष्टीकृत वजन घटना, दीर्घकालिक थकान, लगातार दर्द रहना, अधिकतर रात में बुखार होता है, त्वचा में परिवर्तन, विशेष रूप से तिल जो आकार और साइज बदलते हैं या नए तिल, त्वचा के नीचे गांठें या उभार जो दूर नहीं होते, सांस लेने में दिक्कत, निगलने में कठिनाई आदि कैंसर के लक्षण हैं।" - डा. आयुष गर्ग



"कैंसर का मुख्य कारण जीवन शैली में बदलाव है। लोगों में धारणा है कि कैंसर की जांच कराने पर इसके बढ़ने का अंदेशा और बढ़ जाता है। जांच कराए बिना तो इलाज ही संभव नहीं है। कैंसर का इलाज सर्जरी, रेडियो थेरैपी, कीमो थेरैपी के अलावा अब नई तकनीक से भी होता है। प्रथम चरण में पता लगने पर इसका इलाज संभव है। कैंसर बढ़ने पर इसे रोक पाना मुश्किल हो जाता है। अभी कैंसर पर शोध हो रहे हैं। संभव है कि हर स्टेज के कैंसर का इलाज हो जाए। रोगियों को घबराने की जरूरत नहीं है। इलाज से कैंसर ठीक हो जाता है।" - डा. अभिषेक भद्री



"अगर माता-पिता सफेद दाग से पीड़ित रहे हैं तो बच्चों में इसके होने की आशंका रहती है। ऐसे मामले दो से चार फीसदी ही होते हैं। कई बार शरीर में जरूरी मात्रा में विटामिन्स व मिनरल्स की कमी से भी सफेद दाग की समस्या हो जाती है। संतुलित आहार न लेने की वजह से शरीर की त्वचा के रंग से थोड़े हल्के रंग के दाग हो सकते हैं। लड़कियों को गोरेपन की क्रीमों से दूर रहना चाहिए। यह चेहरे की त्वचा को बहुत कमजोर कर देती हैं। इसके कारण चेहरे की त्वचा जल्दी संक्रमित हो सकती है।" - डा. पौष वर्मा



"उन स्थितियों में गंध की हानि हो सकती है जो हवा को नाक में उच्च स्थित गंध रिसेप्टर्स तक पहुंचने से रोकती हैं या गंध रिसेप्टर्स की हानि या चोट होती है। गंध की हानि गंभीर नहीं है। लेकिन कभी-कभी तंत्रिका तंत्र की स्थिति का संकेत हो सकता है। सर्दी और नाक की एलर्जी, जैसे फीवर के साथ गंध की भावना का अस्थायी नुकसान आम है। गंध की अनुभूति स्वाद लेने की क्षमता को भी बढ़ाती है। बहुत से लोग जो सूंघने की क्षमता खो देते हैं, वह यह भी शिकायत करते हैं कि उनकी स्वाद की क्षमता भी खत्म हो रही है।" - डा. धैर्य मलिक

# दम घोट रहा हजरतपुर के ट्रंचिंग ग्राउंड से उठता धुआं

### सांस रोगियों को हो रही सबसे ज्यादा परेशानी, रामलीला मैदान और हजरतपुर की बड़ी आबादी को दिक्कत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** प्रतिदिन शहर से निकलने वाला सैकड़ों क्विंटल कूड़ा-कचरा हजरतपुर के ट्रंचिंग ग्राउंड में डाला जा रहा है। लंबे समय से कूड़ा निस्तारण न होने के चलते हजरतपुर में कूड़े के पहाड़ बन गए हैं। इससे न सिर्फ दुर्गंध उठती रहती है बल्कि इसमें आग लगने से उठ रहा धुआं लोगों का दम भी घोंट रहा है। इससे अस्थमा रोगियों को सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही है। शिकायत के बाद भी पालिका के अधिकारी कचरा निस्तारण पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के 43 वार्ड है। इनमें से प्रतिदिन 161 टन कचरे को तोपखाना स्थित अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड में फेंका जाता है। यहां कूड़ा बीनने के इरादे से घुसने वाले कबाड़ी इसमें आग लगा देते है। इससे यहां धुआं उठता रहता है। स्थानीय निवासी आग लगने की शिकायत लगातार पालिका के अधिकारियों से कर रहे हैं। पालिका की टीम ने जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों की मदद से बुझा दिया था। इसके बाद भी कूडे.के ढेर से लगातार धुआं उठ रहा है। इसके चलते हजरतपुर, तोपखाना, वाल्मीकि बस्ती समेत आसपास के कई गांवों के लोग परेशान है। धुआं उठने से सांस रोगियों को काफी परेशानी हो रही है।

नेत्र रोग सर्जन डा. शम्मी कपूर ने बताया कि धुआं काफी हानिकारक होता है। लगातार धुएं के संपर्क में रहने से आंखों पर काफी असर पड़ता है। आंखों में जलन बनी रहती है। सबसे ज्यादा खतरा सांस रोगियों को रहता है। कचरे से उठता धुआं सांस रोगियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।



हजरतपुर में बना कूड़े का पहाड़। ● अमृत विचार

### ट्रीटमेंट प्लांट का काम अधर में लटका

लंबे समय से शहजादनगर स्थित ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य अधर में लटका है। इसका ठेका सीएनडीएस कंपनी को मिला है। इसका निर्माण छह करोड़ रुपये की लागत कराया जा रहा है। हजरतपुर में कूड़ा फेंकने पर तत्कालीन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने नाराजगी जताई थी। काम में देरी होने पर कंपनी व पालिका के अधिकारियों को लताड़ भी लगाई थी। इसके बाद कार्य में काफी तेजी आई। पालिका के अधिकारियों का दावा है कि ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण हो गया है। मशीनों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जुलाई तक मशीनें आ जाएंगी। उनका इंस्टालेशन कराने के बाद प्लांट चालू हो जाएगा। अगर यह जुलाई तक बनकर तैयार हो गया तो हजरतपुर के लोगों को काफी राहत मिलेगी।



"ट्रंचिंग ग्राउंड में उठने वाले धुएं से परेशानी हो रही है। जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। कोई सुध नहीं ली जा रही है।" -सदाकत



"कूड़े से उठते धुएं से लोग परेशान हैं। धुआं सांस लेने में काफी दिक्कत कर रहा है। दमे के रोगियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।" -सऊद



"हजरतपुर के कूड़े में आए दिन आग लगती है। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। कूड़े में लगी आग जल्दी से बुझ नहीं पाती है।" -प्रेमशंकर



"आसपास की आबादी कूड़े- कचरे से काफी परेशान हो चुकी है। कूड़े के ढेरों में आग सुलगती रहती है। लपटें बढ़ीं तो लोगों के घर चपेट में आ सकते हैं।" -दिनेश

"ट्रंचिंग ग्राउंड में लगी आग को बुझा दिया गया है। अभी शहजादनगर में कचरा निस्तारण प्लांट में कचरा निस्तारण के लिए मशीनें लगाई जाएंगी। इसके बाद सारा कचरा निस्तारित किया जाएगा। हजरतपुर से कूड़े-कचरे की समस्या खत्म हो जाएगी। अगर वहां अभी भी धुआं उठ रहा है तो टीम को भेजा जाएगा।" -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद।

## पेड़ों की छंटाई न होने से बाधित हो रही आपूर्ति

**रामपुर, अमृत विचार :** पेड़ों की छंटाई न होने के कारण नवीन मंडी की बिजली बाधित हो रही है। इसके चलते आढ़तियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर फल सब्जी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।

शुक्रवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर खां उर्फ गुड्डू ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि लालपुर बिजलीघर से डूंगरपुर बिजलीघर तक 33केवीए की लाइन जा रही है। कहा कि आंधी या बारिश होने पर डूंगरपुर बिजलीघर से शटडाउन लिया जाता है। मंडी समिति से काशीपुर आंगा के मोड़ तक पेड़ों की छंटाई नहीं हुई है। इसके चलते आपूर्ति बाधित हो जाती है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है मंडी समिति से काशीपुर आंगा तक के पेड़ों की छंटाई कराई जाए। पेड़ों की छटाई होने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों तथा आढ़तियों को काफी हद तक इस समस्या से निजात मिलेगी।

## जेईई मेन्स परीक्षा में चमके डीएमए के चार छात्र

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** दयावती मोदी अकादमी के चार छात्रों ने जेईई मेन्स की परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य ने मेधावियों को बधाई दी।

जेईई मेन्स की परीक्षा में सुयश अग्रवाल ने 99 अंक हासिल किए। इनके पिता योगेश अग्रवाल और मां शोभना अग्रवाल ने खुशी जताई। आदित्य राज ने 98.85 अंक हासिल किये। पिता राजकुमार और मां रजनी बाला ने हर्ष व्यक्त किया। शिवांश पाठक ने 96.87 अंक अर्जित किए। पिता राजेश कुमार शर्मा और मां विमला शर्मा ने गर्व जताया। हर्ष यादव ने 95.73 अंक प्राप्त किए। पिता राजेश कुमार और मां रजनी देवी बेटे की उपलब्धि पर खुश हैं। प्रधानाचार्य डा.सुमन तोमर ने सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी और निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



आदित्य राज।



सुयश अग्रवाल।



शिवांश पाठक।



हर्ष यादव।

- प्रधानाचार्य डा. सुमन तोमर ने सभी को दी बधाई
- मेधावियों के परिवारों में दौड़ी खुशी की लहर

## ट्री गार्ड योजना में लगाया सरकारी धन हड़पने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** बसपा के जिलाध्यक्ष ने मिलक रेंजर पर वन विभाग की ट्री गार्ड योजना में सरकारी धन हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी को पत्र देकर की है। इसमें उन्होंने कहा है कि सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच कराई जाए।

बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि 2023-24 के अंतर्गत वन विभाग की योजना के तहत ट्री गार्ड बनाने, गड्ढा खुदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। रेंजर मिलक ने सारा पैसा मार्च में ही खर्च होना दिखा दिया था। लेकिन अभी तक ट्री गार्ड, गड्ढा खुदान नहीं कराया गया है। मांग है कि सरकार इस मामले की गहनता से जांच कराएं।

# चुनाव में गई 16 बसें, यात्री परेशान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** रामपुर डिपो की 16 बसों लोकसभा चुनाव में लगाया है। यहां 70 बसें हैं। इनमें से अच्छी स्थिति की बसें चुनाव में जा चुकी हैं। अब रोडवेज में 54 बसें बची हैं। इसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज बस अड्डे पर भीषण गर्मी में यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।

लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हो चुका है। यह सात चरणों में होना है। रामपुर में लोकसभा चुनाव होने के बाद अब दूसरे जिलों में चुनाव हो रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आसपास के जिलों से फोर्स मांगी जा रही है। इसी चलते फोर्स को रोडवेज बसों से भेजा जा रहा है। रोडवेज के पास 70 बसें हैं। इनमें से 10 बसें 23 अप्रैल को पुलिस लाइन से फोर्स को लेकर रवाना हो गई थीं। जबकि छह बसें मार्च में चली गईं थीं। अब रोडवेज के पास 54 बसें बची हैं। यह सवारियों के लिए लोकल रूट पर दौड़ रही हैं। भीषण गर्मी में यात्रियों को बसें कम हो जाने के कारण काफी परेशानी आ रही है। हालांकि शासन की ओर से रामपुर डिपो को पांच नई बसें और मिल गई हैं। इस तरह रोडवेज के बेड़े में 75 बसें हो गईं हैं। रोडवेज के बेड़े में शामिल हुई नई बसों का अभी रूट तय नहीं हो सका है। आचार संहिता हटने के बाद बेड़े में शामिल नई बसों का रूट तय हो जाएगा।





रोडवेज बस अड्डे में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

"16 बसें चुनाव करानें गई हैं। मुख्यालय से पांच नई बसें और मिल गई हैं। अब रोडवेज के बेड़े में 75 बसें हो गई हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इन पांच बसों का रूट चार्ट तैयार किया जाएगा।" - दीपचंद, एआरएम

## लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की होंगी सेवाएं समाप्त, मानदेय रोका

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने बाल विकास परियोजना स्वार के आंगनबाड़ी केंद्र रसूलपुर, धन्नूपुरा शाहदरा और धनौरी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान रसूलपुर में आंगनबाड़ी शबनम और नुजहत, सहायिका फरजाना और सबीना बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिलीं। सभी का मानदेय रोक दिया गया है। विभागीय कार्यों में रुचि नहीं रखने वाली इन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की सेवाएं समाप्त की जाएंगी।

धन्नूपुरा में आंगनबाड़ी कार्यकत्री जुबैदा व सीमा तथा सहायिका जरीफन और अफसर जहां अनुपस्थित मिलीं। सभी का भी मानदेय रोकते हुए नोटिस जारी किया गया है। सभी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है कि वह निर्धारित समयावधि में आगनबाड़ी केंद्र पर रहकर विभागीय कार्य करें। कार्य न करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने समस्त सीडीपीओ और सुपरवाइजर को निर्देशित किया कि वह आगनबाड़ी केंद्रों का सतत भ्रमण कर ऐसी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को चिन्हित करें जिनकी विभागीय कार्यों में रुचि नहीं है। ऐसे लोगों की सेवा समाप्ति की नियमानुसार पत्रावली उपलब्ध कराएं। ताकि विभागीय कार्यों को संपादित करने में रुचि न रखने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की सेवाएं समाप्त की जा सकें।

**कार्यक्रम** पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी करें पौधरोपण, शुक्रवार की शाम रजा लाइब्रेरी परिसर में रोपित किए गए पौधे

# ग्लोबल वार्मिंग से हिमालय पर तेजी से पिघल रही बर्फ : डा. पुष्कर

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार की शाम रजा लाइब्रेरी के परिसर में निदेशक व कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर लाइब्रेरी के निदेशक डा. पुष्कर मिश्र ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी मिलकर पौधरोपण करें। जितने पौधे लगेंगे पर्यावरण के लिए उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने पर जोर दिया।

लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक ने कहा कि संस्कृत की एक कहावत है एक वृक्ष सौ पूत समान अर्थात् एक वृक्ष सौ पुत्रों के बराबर है। इस कहावत के माध्यम से उन्होंने पौधरोपण के महत्व को समझाया। कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु मिल सके। कहा कि वृक्षों का तेजी से कटान होने की वजह से मौसम अचानक बदल जाता है। भविष्य के अध्ययन के आधार पर वैज्ञानिकों ने बताया है कि आने वाले समय में मानव जाति विलुप्त हो चुकी होगी। नॉर्थ पोल तथा सॉउथ पोल के अलावा हिमालय पर अधिक बर्फ पायी जाती है, जो ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बहुत तेजी से पिघल रही है।

कहा कि केदारनाथ की घटना में लगभग 6000 लोगों को हानि पहुंची थी। इस तरह की घटनाएं भविष्य में अधिक होने की संभावना है। भविष्य में जल प्रलय की कल्पना की गई है। नॉर्थ तथा सॉउथ पोल की बर्फ पिघलने से स्थिति बहुत अधिक भयावह हो सकती है। मिट्टी के क्षरण के कारण हम मिट्टी पर कुछ उगा नहीं पाएंगे। रेगिस्तान जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। भविष्य की भयावह स्थिति से बचने के लिए हमें पर्यावरण को सुरक्षित बनाने की दिशा में काम करना बहुत आवश्यक है। सर्वप्रथम हमें प्लास्टिक का उपयोग बंद करना चाहिए। इससे पर्यावरण को बहुत नुकसान होता है। हमें हर महीने ऐसे वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए, जो पर्यावरण के लिए उपयोगी हों। जिससे प्रकृति को अधिक से अधिक लाभ हो। पर्यावरण के प्रति हम लोगों की सजगता ही पृथ्वी को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाएगी।





रजा लाइब्रेरी परिसर में पौधरोपण करते निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र। ● अमृत विचार

### लाइब्रेरी के कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने लाइब्रेरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई। स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर स्वच्छता बनाये रखने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेशित भी किया। कहा कि हम सभी को अपने आसपास, कार्यस्थल और घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए। महात्मा गांधी कहते थे कि जहां स्वच्छता है वहां ईश्वर निवास करते हैं। इसलिए स्वच्छता का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस अवसर पर डॉ. अबुसाद इस्लाही, अरुण कुमार सक्सेना, सैयद तारिक अजहर, मोहिनी रानी, सनम अली खान इत्यादि उपस्थित रहे।

## पाइपलाइन की खराबी को ठीक कराया

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को शहर के मोहल्ला आखून-खेलान की पाइपलॉइन में आई खराबी को जलकल विभाग के कर्मचारियों ने सही कराया।

लाइन में आई खराबी की शिकायत मोहल्लेवासी दानिश, खालिद और तकरीम ने पालिका में दर्ज कराई थी कि घरों में पानी की स्पीड काफी स्लो है। इसके चलते यहां के लोगों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहल्लेवासियों की शिकायत पर जलकल अभियंता मूलचंद ने ठेकेदार और कर्मचारियों को भेजा। कर्मचारियों ने गड्ढा खोदवाकर लाइन में आई खराबी को सही कराया। जलकल अभियंता ने बताया कि लाइन में आई दिक्कत को सही करा दिया गया है।



## एक नजर

### खौदकलां में मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खौदकलां में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है। अभी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव खौदकलां निवासी शेरखान बाइक लेकर जा रहा था। रास्ते में शुऐब की कार खड़ी थी। रास्ते से कार हटाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के कई लोगों को चौकी ले आई। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

### बंटवारे को लेकर झगड़ा करने में तीन का चालान

**सैफनी, अमृत विचार :** जमीन के बंटवारे और रास्ते को लेकर हुए झगड़े में पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को पकड़ कर चालान कर दिया। क्षेत्र के ताजपुर बेहटा गांव निवासी रमाशंकर पुत्र गोदी राम का अपने पुत्र लोकेश से जमीन के बंटवारे और रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक तरफ से रमा शंकर व दूसरी ओर से लोकेश और रोशन लाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### चोरी की स्कूटी और 220 ग्राम चरस के साथ पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने चोरी की स्कूटी और 220 ग्राम चरस के साथ आरोपी को पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया। गंज पुलिस ने सूचना के आधार पर घंटाघर बरेली गेट के पास से सुहेल उर्फ लाला पुत्र नन्हें दादा उर्फ अमीर अहमद निवासी घेर आजम खां को पकड़ लिया। पुलिस को उसके पास से एक स्कूटी मिली। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह स्कूटी चोरी की है। इसके अलावा पुलिस को उसके पास से 220 ग्राम चरस भी मिली। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### वाहनों के काटे चालान

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाकर कई दोपहिया वाहनों का चालान किया। शुक्रवार को क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा व कस्बा इंचार्ज ललित कुमार ने पुलिस को साथ लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिलासपुर तिराहे पर बिना हेलमेट के बाइक चला रहे कई लोगों का चालान किया।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर ट्रक चालक की मौत

## राधे हरि स्टोन क्रशर से रेत भरने जा रहा था चालक, पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों को सौंपा फिरोज खान का शव

संवाददाता, दढ़ियाल


हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार


विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर गांव अकबराबाद के जंगल में स्टोन क्रशर से रेत लेने जा रहा ट्रक हाईटेंशन लाइन के झूल रहे तारों की चपेट में आ गया। इससे ट्रक में करंट आ गया और ट्रक चालक की जलकर मौके पर ही मौत हो गई।


फिरोज खान।

सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर चालक का शव परिजनों को सौंप दिया।

मुरादाबाद जनपद के भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव मल्लूपुरा निवासी 22 वर्षीय फिरोज खान पुत्र आलिम खान ट्रक चालक था। वह शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग स्थित गांव अकबराबाद के जंगल में राधे हरि स्टोन क्रशर से ट्रक में रेत भरने जा रहा था। फिरोज खान ट्रक लेकर मुख्य मार्ग से क्रशर वाले मार्ग पर पहुंचा तो ट्रक का पहिया फिसल कर सड़क से नीचे उतर गया। वह अपने ट्रक को सड़क पर लाने के लिए ट्रक से जैक निकाल रहा था। इस दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवीए की लाइन के झूलते तार ट्रक से टकरा गए। इससे ट्रक में करंट दौड़ गया और ट्रक के टायरों से धुआं निकलने लगा। करंट की चपेट में आकर जैक निकाल रहा फिरोज खान भी बुरी तरह जलने लगा। यह देख आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने बिजली घर को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई, मगर तब तक फिरोज खान की जलकर मौत हो चुकी थी।

सूचना पाकर अकबराबाद के तमाम ग्रामीण एकत्र होकर मौके पर पहुंच गए और बिजली अधिकारियों के खिलाफ हंगामा करने लगे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। इसके बाद पुलिस चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाने लगी। लेकिन टांडा में परिजनों ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार दिया। इस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार आलिम खान के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तार सही कराने को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर झूल रहे 11 हजार केवीए लाइन के तारों को सही कराने के लिए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बिजली विभाग हाय-हाय के नारे लगाए। इसके बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को पत्र भेजकर तारों को सही कराने की मांग की। दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर गांव अकबराबाद में 11 हजार केवीए की लाइन के तार काफी नीचे झूल रहे हैं। शुक्रवार को राधे हरि स्टोन क्रशर पर जाने वाले रास्ते पर झूल रहे तारों की चपेट में आने से ट्रक चालक फिरोज खान की मौत के बाद ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। इसमें कहा गया है कि कई बार अधिकारियों से बिजली के तारों को ऊंचा कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से युवक की जान चली गई। प्रदर्शन करने वालों में फुरकान खान, बंटी खान, नईम खान, दानिश खान, अनवर खान, सलीम खान, शहनवाज खान, अंकुर दिवाकर, अरमान आदि शामिल रहे।

### युवक को पीटने में तीन के खिलाफ एनसीआर

**स्वार, अमृत विचार :** दबंगों ने धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला करके युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद करते हुए एनसीआर दर्ज की है।

गुरुवार को गांव खौदकलां निवासी बंगाली को गांव के ही शमशेर, शेर खां, शाहरुख खां, नवाब ने मामूली बात पर गाली-गलौच कर थप्पड़ मार दिए थे। इस पर पीड़ित ने मसवासी चौकी पुलिस को नामजद तहरीर दी थी। पीड़ित का आरोप है कि शुक्रवार को मसवासी पुलिस ने उसे चौकी बुलाया और आरोपियों का घर बताने को कहा। पीड़ित पुलिस को आरोपियों के घरों की लोकेशन बताने के बाद घर आ रहा था। इस दौरान आरोपियों ने उसे रोक लिया। गाली-गलौच करते हुए धारदार हथियार व लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। तब दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शत्रु संपत्ति मामले में कोर्ट पहुंचे गवाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां द्वारा शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में मुकदमे के वादी एवं गवाह के खिलाफ पिछली तारीखों पर पेश नहीं होने के कारण वारंट जारी हो गए थे। वादी शुक्रवार को कोर्ट में पेश हुए। इस पर अदालत ने उनके वारंट निरस्त कर दिए। इसके अलावा लेखपाल ने कोर्ट पहुंचकर बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में दो मई की तारीख लग गई है।

वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में आजम खां के साथ ही उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे।

इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। पिछली तारीखों पर मुकदमे के वादी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी को कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इसके चलते उनके वांरट जारी हो गए थे। शुक्रवार को वह कोर्ट में पेश हुए। इस पर अदालत ने उनके वारंट निरस्त कर दिए। इसके अलावा लेखपाल ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में दो मई की तारीख लग गई है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि वादी मुकदमा कोर्ट में पेश हुए। जहां उनके वारंट निरस्त हो गए। इसके अलावा लेखपाल ने बयान दर्ज कराए।

### डूंगरपुर के एक मामले में तीन गवाहों की जिरह पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शुक्रवार को तीन गवाहों से जिरह पूरी कर ली गई है। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में तारीखें चल रही हैं। डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने 2019 में गंज थाने में कई रिपोर्ट दर्ज कराईं थीं। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया था कि आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत अन्य कई आरोपी हैं। एक मामले में शुक्रवार को तीन गवाहों से जिरह पूरी हो गई है। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी।

## पिता के ई-रिक्शा के नीचे दबकर तीन वर्षीय बेटे की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** पिता के ई-रिक्शा के नीचे दबकर तीन वर्षीय बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का पिता शुक्रवार की शाम ही नया ई-रिक्शा खरीदकर लाया था।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मिलक हुसैनगंज निवासी जितेंद्र शुक्रवार देर शाम नया ई-रिक्शा लाया था। ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा करके वह अंदर आ गया। इस बीच उसका तीन वर्षीय बेटा लखन ई-रिक्शा में बैठ गया और एक्सीलेटर घुमा दिया। इससे ई-रिक्शा पलट गया और बच्चा उसके नीचे दब गया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा के नीचे से निकाला। इसके बाद परिजन बच्चे को सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मिलक में गेहूं के कई खेतों में लगी आग

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गए। अग्निकांड में गेंहू की फसल, भूसा, पराली व यूके लिप्टिस के पेड़ जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। तहसील प्रशासन नुकसान के आकलन के लिए जुट गया है।


गेहूं के खेत में लगी आग। ● अमृत विचार

- **फायर ब्रिगेड के चार वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू**

शुक्रवार को क्षेत्र के करींगा, बेहटरा, वरा गजेजा, जटपुरा, कर्पिया हप्पू आदि गांवों के खेतों में अचानक आग लग गई। लपटें उठतीं देख किसान अपने खेतों की तरफ भागे और पेड़ की टहनियों, ट्रैक्टर चलाकर व पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग को काबू नहीं कर सके। नायब तहसीलदार सीमा गंगवार ने आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी। उन्होंने चार वाहनों को भेजने मांग की। इस बीच सैकड़ों बीघा खेत आग की चपेट में आ गए। फायर बिग्रेड की चार गाड़ियों ने घेराबंदी कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर ग्राम करींगा निवासी राम प्रकाश और लक्ष्मी की 11 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसी गांव निवासी सुरेश, भजनलाल, सर्वेश के खेत में 20 बीघा पराली जलकर राख हो गई। ग्राम मिर्जापुर निवासी अनिल पांडेय एवं दिनेश पांडेय के खेत में पड़ा चार बीघा गेहूं का भूसा एवं यूकेलिप्टस के लगभग 400 पेड़ जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने मुआयना कर नुकसान का आकलन किया। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## चाकू घोंपकर किसान की हत्या का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/सैफनी

**अमृत विचार :** मवेशी को लेकर चार अप्रैल को हुए विवाद में किसान की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी कल्लू पांडेय उर्फ अमर पांडेय पुत्र संजू पांडेय को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने कल्लू पांडेय को जेल भेज दिया।

नगर के मोहल्ला चौराहे वाली (मोहल्ला छिड़िया) निवासी भगवानदास ने चार अप्रैल को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि चार अप्रैल की शाम करीब साढ़े पांच बजे उसकी कटिया खुलकर सड़क पर आ गई थी। इसी बीच उधर से गुजर रहे अजीत पांडेय पुत्र नीरज पांडेय की बाइक से कटिया से टकरा गई थी। इसे लेकर उसके पुत्र राहुल और अजीत के बीच कहा सुनी होने लगी थी। इस पर मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कराकर दोनों को घर भेज दिया था।

कुछ देर के बाद अजीत अपने पिता नीरज पांडेय, भाई विश्व पांडेय, कल्लू पांडेय और संजू पांडेय के साथ आ गया। आरोपियों 25 वर्षीय राहुल पर चाकू से हमला कर दिया था। इसमें राहुल की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सैफनी प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि फरार चल रहे हत्यारोपी कल्लू पांडेय को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जबकि दो आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# छात्रा से छेड़खानी में प्रबंधक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/केमरी

**अमृत विचार :** स्कूल के प्रबंधक ने अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा नौ की छात्रा के साथ छेड़खानी कर दी। पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी प्रबंधक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि उनकी बेटी पास में स्थित निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती है। रोजाना की तरह वह 25 अप्रैल को भी स्कूल गई थी। आरोप है कि स्कूल के प्रबंधक ने उनकी बेटी को आफिस में बंद कर लिया और उसके साथ छेड़खानी की। इस बीच छात्रा किसी तरह मौका पाकर वहां से भाग निकली। छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को स्कूल के प्रबंधक की करतूत के बारे में बताया। छात्रा की बात सुनते ही परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। इसके बाद पीड़िता के पिता ने प्रबंधक असलम हुसैन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मां के साथ खेत पर गई युवती से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**रामपुर/पटवाई, अमृत विचार :** मां के साथ गेहूं काटने गई युवती से कुछ लोगों ने छेड़खानी की। विरोध पर मां बेटी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का कहना है कि कुछ दिन पहले वह मां के साथ गेहूं की फसल काटने के लिए खेत पर गई थी। इस दौरान पड़ोसी खेत स्वामी पवन ने उसके खेत में लगे लगे पॉपुलर के छह पेड़ों को ट्रैक्टर से तोड़ दिया। युवती ने इसका विरोध किया। इस दौरान उसकी मां भी आ गई। इसके बाद आरोपियों ने युवती को दबोच लिया छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। इसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अनुज, रामप्रसाद, गोमती और पवन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**कार्रवाई**
- **कैमरी थाना क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती है छात्रा**
- **पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई**

## डंपर और ट्रैक्टर की भिड़ंत में तीन घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** डंपर और ट्रैक्टर की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र मिलक के पुरैनिया खुर्द गांव निवासी चरन सिंह, गिरिराज और उदयपुर जागीर गांव निवासी विपिन तीनों ट्रैक्टर की सर्विस कराने के लिए शाहबाद आए थे। शुक्रवार शाम को वापस गांव जाते समय शाहबाद-रामपुर मार्ग पर तालिकाबाद गांव के निकट रामपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर दो भागों में बंट गया। जबकि ट्रैक्टर पर सवार तीनों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना पर एसडीएम सुनील कुमार व कोतवाल ओमकार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालात नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# चोरी करके भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोचा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मोबाइल और कपड़े चुरा कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। युवक की जमकर धुनाई कर दी। उसके पास से चोरी किए हुए तीन मोबाइल और कपड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अपने कब्जे में लेकर चालान कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने युवक को जेल भेज दिया है।



चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया आरोपी।

मामला चौकी क्षेत्र के मिलक नौखरीद गांव का है। गुरुवार की रात गांव में घुसे चोर ने नाजिर हुसैन के घर से एक मोबाइल और पट्टीकलां-घोसीपुरा गांव निवासी शाकिर हुसैन के घर से कपड़ों सहित तीन मोबाइल चुरा लिए। मामले की भनक जब ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने चोर की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार की सुबह हाथ में थैला लेकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तीन मोबाइल और कपड़े मिल गए। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक का नाम अरुण कुमार पुत्र तेजप्रकाश निवासी बाजपुर थाना ऊधमसिंहनगर (उत्तराखंड) है। बताया कि आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया गया है।

**चिंताजनक** बेरोजगारी, नशाखोरी से हर माह हो रहीं औसतन पांच लोगों की मौत

# मानसिक रोगों की चपेट में आ रही युवा पीढ़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मनोरोग विशेषज्ञ डा. अजमी नाज ने कहा कि बेरोजगारी, गरीबी और नशाखोरी जैसी बीमारियां तनाव को बढ़ावा दे रही हैं। खासतौर से युवा पीढ़ी नशाखोरी की लत में पड़ रही है। वह नशे में खतरनाक कदम उठाकर जीवनलीला समाप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कारणों से प्रत्येक माह औसतन पांच लोगों की मौत हो रही हैं।



जिला अस्पताल में बना मानसिक रोग कक्ष। ● अमृत विचार

शुक्रवार को जिला अस्पताल में तैनात हुईं मनोरोग विशेषज्ञ डा. अजमी नाज ने बताया कि मानसिक रोगियों की काउंसलिंग की जा रही है। मानसिक रोग के मामले में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके दो कारण हैं जिन्हें अल्जाइमर डिमेंशिया कहते है। मनारोग विशेषज्ञ ने बताया कि अल्जाइमर एक मस्तिष्क विकार है, जो समय के साथ बढ़ता जाता है। यह बीमारी होने पर मस्तिष्क में कुछ प्रोटीन जमा होने लगते हैं और मस्तिष्क सिकुड़ जाता है। कोशिकाएं अंत में मर जाती हैं। बीमारी होने का कारण लोग बेरोजगारी, गरीबी और नशाखोरी की चपेट में आ रहे हैं। इसमें ज्यादातर युवा पीढ़ी और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग शामिल हैं।

बताया कि मानसिक अवसाद में शराब का सेवन अधिक घातक होता है। 25-30 वर्ष के लोगों में डिप्रेशन का प्रभाव शुरू हो जाता है। अधिकतर उत्तेजना, गुस्सा, पढ़ाई में पिछड़ना, बेरोजगारी, आर्थिक तंगी के कारण शिकार हो जाते हैं।

### बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार रखें माता-पिता

मनोरोग विभाग के जिला समन्वयक आशुतोष ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि युवा पीढ़ी में मानसिक तनाव पैदा होने लगता है। माता-पिता को उम्मीद होती है कि हमारा बच्चा आगे बढ़कर परिवार का नाम रोशन करेगा। इसके लिए बच्चों पर दबाव डाला जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे घातक कदम उठा लेते है। मानसिक तनाव याददाश्त को भी प्रभावित करता है। आमतौर पर धीरे-धीरे शुरू होता है। इसका कोई निश्चित शुरुआती बिंदु नहीं होता है।

> बेरोजगारी, नशाखोरी की लत होने से मरीज की मानसिक बीमारी से ग्रसित होने की आशंका बढ़ जाती है। खासतौर से युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे लोगों को शिविर लगाकर जागरूक किया जाता है। -डा. संतोष कुमार, नोडल अधिकारी, मनोरोग विभाग।

## सिलईबड़ा कांड में छह मई तक उपलब्ध कराएं साक्ष्य

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर मजिस्ट्रेट संजीव वर्मा ने बताया कि 27 फरवरी को मिलक के सिलईबड़ा कांड में कोई भी व्यक्ति सूचना या साक्ष्य देकर अवगत करा सकता है।

27 फरवरी को मिलक के गांव सिलई बड़ा में ग्राम समाज की जमीन पर बाबा साहब का साईन बोर्ड हटाने के कारण बवाल हो गया था। इस दौरान सुमेश पुत्र गेंदन लाल की मृत्यु हो गई थी जबकि रहीस पाल पुत्र ओमकार एवं रमन बाबू पुत्र वीर सिंह घायल हो गए थे। इस मामले में गेंदन लाल ने 28 फरवरी को थाना मिलक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई सूचना या साक्ष्य देना हो तो वह छह मई तक नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

# मंडी सचिव ने धान से लदी दो ट्रॉली पकड़ी

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** गुरुवार की रात मंडी समिति के कर्मचारियों ने क्षेत्र के सीकमपुर चौराहे से धान से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। धान व्यापारियों का बताया गया है। दोनों ट्रालियों में 248 क्विंटल धान भरा था। शुक्रवार को दोपहर बाद किसानों के नाम जुर्माना डालकर खानापूर्ति कर दी गई। इसके अतिरिक्त सरकारी कर्मचारियों ने गेहूं लदी एक ट्राली पकड़ी। मंडी समिति सचिव ने इसके बारे कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

गुरुवार को मंडी सचिव को सूचना मिली कि सीकमपुर चौराहे की तरफ से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली धान की भरी हुई आ रही हैं। वह दोनों ट्रालियों को कब्जे में लेकर मंडी समिति ले आए। शुक्रवार दोपहर बाद तक इस संबंध में मंडी सचिव द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। चार बजे क्षेत्र के किसानों के नाम से दोनों ट्रालियों का मंडी शुल्क और शमन शुल्क के साथ जुर्माना डालते हुए पर्ची काट दी गई। एक ट्रॉली में भरे 123 क्विंटल धान यादे अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम देवीपुरा का बताते हुए उसके नाम से शमन शुल्क व मंडी शुल्क सहित 44,649 रुपए की रसीद बनाई गई है। दूसरी ट्रॉली में भरे धान को रामपाल सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम चक गजरौला का बताते हुए उसके नाम से 45,375 रुपए की रसीद काटी गई है। चर्चा है कि धान कस्बे के व्यापारियों का था। इसमें मंडी सचिव की सलाह पर किसानों के नाम से जुर्माना डालते हुए कम से कम स्तर की कार्रवाई की गई है।

इसके अलावा गुरुवार की रात ही गेहूं से भरी एक ट्राली पकड़ी गई। यह शुक्रवार दोपहर तक मंडी में खड़ी रही। इस सिलसिले में मंडी सचिव ने कुछ नहीं बताया। कुछ लोगों ने डीएम जोगिन्दर सिंह से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।


टांडा मंडी समिति में खड़ीं ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

## एक नजर

### गौरी चिरंजीव ने पास की जेईई मेन्स की परीक्षा



**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन के आवास विकास निवासी चिरंजी गुड्डू की बेटी गौरी चिरंजीव ने पिछले वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से सेंटमैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल से उत्तीर्ण की थी। अपने विषय पीसीएम ग्रुप में विद्यालय में टॉप किया था। इसके बाद वह जेईई मेन्स की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। कुछ समय पहले जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। गौरी ने जेईई मेन्स की परीक्षा पास कर ली है। अब उसका पूरा फोकस जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए है। यह परीक्षा 26 मई को होगी।

### हादसे में बाइक सवार जख्मी

**रामपुर, अमृत विचार :** ताशका के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली निवासी रोहताश शुक्रवार की दोपहर केमरी जा रहा था। ताशका रोड पर कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें रोहताश घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### नशीली गोलियां खरीदते युवक को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शाहबाद गेट के पास मेडिकल स्टोर से नशीली गोलियां खरीदते हुए युवक को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस मेडिकल संचालक को भी अपने साथ थाने ले आई। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी से अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में खलबली मची रही। युवक को पकड़े जाने पर कई मेडिकल स्टोर संचालक शटर गिराकर फरार हो गए। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

### बिजली नहीं आने से उपभोक्ता परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र में दोपहर को काफी देर तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ता परेशान रहे। करीब एक घंटे बाद आपूर्ति सुचारु हो सकी। लगातार पड़ रही गर्मी के चलते बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान हैं। फॉल्ट के चलते बिजली दो-दो घंटे बंद रहती है। शुक्रवार को सिविल लाइन क्षेत्र में फॉल्ट के चलते करीब एक घंटे बिजली नहीं मिली। दोपहर में करीब एक बजे फॉल्ट सही होने पर बिजली आपूर्ति सुचारु हो सकी।

# किसी भी प्रत्याशी का तख्ता पलट सकते हैं स्वार के मतदाता

## स्वार के मतदाताओं ने खूब किया मतदान, फर्स्ट डिवीजन में पास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**विश्लेषण**

- अपना दल एस के विधायक के बूथ पर भी बरसे वोट
- स्वार में हुई पोलिंग ने भाजपाइयों की बढ़ाई धुकधुकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में स्वार के मतदाता किसी भी प्रत्याशी का तख्ता पलट सकते हैं। क्योंकि जिले में स्वार विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 60.51 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां 164027 पुरुष , 147318 महिला और 45 अन्य मतदाता हैं। जिसमें 103983 पुरुष, 84441 महिला और सात अन्य ने मतदान किया है। क्षेत्र में 19 अप्रैल को 188431 मतदाताओं ने मतदान किया। बंपर मतदान होने से प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है।

अपना दल एस और भाजपा गठबंधन है। गठबंधन धर्म निभाते हुए स्वार विधानसभा क्षेत्र से अपना दल एस के विधायक शफीक अहमद अंसारी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भारी मतों का धुव्रीकरण करने का दावा कर रहे हैं। जबकि अपना दल एस विधायक के बूथ संख्या 127 पर 54 प्रतिशत मतदान हुआ है। यदि अपना दल एस के विधायक पर भरोसा करें तो मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाने वाली स्वार-टांडा विधानसभा सीट इतिहास बदल देगी। क्योंकि, स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र से हमेशा मुस्लिम प्रत्याशी के पक्ष में मतदान होता रहा है। बहरहाल जो भी हो स्वार विधानसभा सीट के मतदाताओं ने प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं।

जिले में सपा के महिबुल्लाह नदवी और भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के बीच कांटे की टक्कर है। भाजपा प्रत्याशी ने बताया कि 2022 में उन्होंने लोकसभा उपचुनाव जीतकर जनता के बीच ही कार्य किया है। भाजपा प्रत्याशी ने उम्मीद जताई कि हार-जीत का अंतर कम हो सकता है लेकिन जीत उन्हीं की होनी है। जबकि, सपा प्रत्याशी के समर्थक मतगणना होने से पूर्व जीत का जश्न मनाकर मिठाई भी बांट चुके हैं। हालांकि यह तो चार जून को ही तय होगा कि जनता ने जीत का सेहरा किस प्रत्याशी के सिर बांध दिया है।



मतदान के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करते कतार में खड़े मतदाता। (फाइल फोटो)

**50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथ**

| बूथ संख्या | मतदेय स्थल का नाम | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | योग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | आंगनबाड़ी केंद्र दूंदावाला | 828 | 221 | 150 | 371 | 44 |
| 72 | आंगनबाड़ीकेंद्र नरपतनगर | 1018 | 256 | 186 | 442 | 43 |
| 66 | कंपोजिट स्कूल नरपतनगर | 898 | 229 | 146 | 375 | 41 |
| 57 | कंपोजिट स्कूलनानकारी रानी | 744 | 176 | 147 | 323 | 43 |
| 50 | गर्ल्स प्राइमरी स्कूल | 703 | 176 | 127 | 303 | 43 |

**50 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले बूथ**

| बूथ संख्या | मतदेय स्थल का नाम | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | योग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 127 | कन्या इंटर कॉलेज स्वार | 1157 | 359 | 269 | 628 | 54 |
| 267 | प्राइमरी स्कूल मरघटी टांडा | 1344 | 515 | 451 | 966 | 70 |
| 128 | प्राइमरी स्कूल कलीनगर | 1090 | 443 | 379 | 822 | 75 |
| 01 | प्राइमरी स्कूल घोसियापुरा | 1074 | 421 | 300 | 721 | 67 |
| 03 | प्राइमरी स्कूल अलीगंज पट्टीकला | 1129 | 408 | 382 | 790 | 69 |
| 10 | जू हाईस्कूल लालपुर सेमरा | 1008 | 381 | 328 | 709 | 70 |
| 17 | प्राइमरी स्कूल रहमत गंज | 1257 | 519 | 458 | 977 | 77 |
| 149 | कंपोजिट स्कूल समोदिया | 1293 | 470 | 420 | 890 | 73 |
| 197 | गांधी इं कॉलेज दढ़ियाल | 1153 | 430 | 388 | 818 | 70 |
| 205 | किसान सेवा सहकारी समिति | 1312 | 484 | 402 | 886 | 67 |
| 238 | जू हाईस्कूल टांडा वार्ड सात | 1053 | 427 | 345 | 772 | 73 |
| 253 | चंदमुखी गर्ल्स इंटर कॉलेज | 1066 | 480 | 318 | 798 | 74 |

## कल 26 जोड़े कहेंगे कुबूल, कुबूल, कुबूल

**रामपुर, अमृत विचार :** हजरत शाह मोहम्मद सकलैन एकेडमी के पदाधिकारी नासिर सकलैनी ने कहा कि 28 अप्रैल को 26 जोड़ों का निकाह होगा। इसको लेकर एकेडमी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। कहा कि बरेली शरीफ के विश्व प्रसिद्ध बुजुर्ग पीरो मुर्शिद हजरत शाह मोहम्मद सकलैन मियां रहमतुल्लाह अलैह के नाम से एकेडमी पूरे भारत में कायम है। प्रदेशों, शहरों और गांव कस्बों में एकेडमी समाज सेवा का काम बड़े पैमाने पर अंजाम दे रही है।

शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित अर्श मार्केट में हुई पत्रकार वार्ता में नवेद सकलैनी ने कहा कि 28 अप्रैल को 26 जोड़ों का निकाह जेल रोड स्थित खुशबू गार्डन में होगा। जिसमें जोड़ों को घरेलू जरूरी सामान और तोहफे भी दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि खानकाह सकलैनिया शराफतिया बरेली शरीफ के सज्जादानशीन हजरत शाह मोहम्मद सकलैन मियां के बेटे अल्हाज शाह मोहम्मद गाजी मियां भी शामिल होंगे। बताया कि एकेडमी की शुरूआत 2017 में की गई। वर्ष 2019 में 18 और 2022 में 15 जोड़ों का निकाह कराया था। इस अवसर पर सज्जाद सकलैनी, शाहरूख सकलैनी, शाकिर सकलैनी, परवेज सकलैनी, कौसर सकलैनी, तनवीर अहमद, अमीर सकलैनी, हामिद मुल्ला, आले नबी अहमद, नासिर सकलैनी आदि मौजूद रहे।

# बिना जांच चकरोड बनाने पर हंगामा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** मनरेगा के तहत चकरोड बनाए बिना ही लाखों रुपये की धनराशि खर्च करने की शिकायत की गई थी। इस मामले की जांच से पूर्व ही चकरोड बनाने पर ग्रामीण भड़क गए। हंगामा करते हुए शिकायत की जांच पूरी होने के बाद चकरोड बनाने की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। ग्रामीणों के हंगामे के बाद काम रोक दिया गया।

थाना क्षेत्र के किसरौल गांव निवासी पूर्व प्रधान इंतजार ने 23 अप्रैल को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक पर गांव में मनरेगा के तहत चकरोड बनाए बिना ही कई लाख रुपये फर्जी तरीके से निकालने का आरोप लगाया था। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की थी। गुरुवार की सुबह ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक द्वारा चकरोड पर मनरेगा के तहत काम कराने की सूचना पर पूर्व ग्राम प्रधान भी ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। जांच पूरी होने तक चकरोड का काम न करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। पूर्व प्रधान ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची ने शांति बनाये रखने व जांच के बाद ही चकरोड बनाने की बात कही। ग्रामीणों के हंगामे के बाद चकरोड का काम रोक दिया गया।



किसरौल में नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## आज शुरू होगा अखंड साहिब का पाठ

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में श्री गुरुतेग बहादुर महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। इसके तहत 27 अप्रैल की सुबह 8:30 बजे निशान साहिब के चोले को बदलने की सेवा और सुबह नौ बजे श्री अखंड साहिब का पाठ आरंभ होगा।

गुरुद्वारे के प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने बताया कि दोपहर तीन से छह बजे तक स्त्री सत्संग सभाओं द्वारा श्री सुखमनी साहिब का पाठ और शबद-कीर्तन होगा। 28 अप्रैल को सुबह नौ बजे नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिबा से आंरभ होकर गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह जी पार्क, मंदिर वाली गली से होते हुए गुरुद्वारा साहिब सुबह 11:30 बजे पहुंचेगा। 28 व 29 अप्रैल को शबद-कीर्तन व अरदास होगी। 29 को गुरु का अटूट लंगर होगा।

# एआरपी ने छात्रा को किया सम्मानित

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के करीमपुर शर्की गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा फिरदौस बी द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण कर 22वीं रैंक हासिल कर ली। इस विद्यालय में छात्रा का सम्मान किया गया। इस दौरान एआरपी अब्दुल बशीर खां ने छात्रा को मुबारकबाद दी और उपहार भेंट किए।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एआरपी ने परीक्षा में सफल हुई छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि एकल शिक्षक वाले विद्यालय की छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार सभी को है। विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आप अपने मार्ग पर अग्रसर हों और मेहनत व लगन से शिक्षा हासिल कर माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन कर अच्छे व देशभक्त नागरिक बनें। इस दौरान शिक्षक प्रेम सिंह व खलील अहमद आदि मौजूद रहे।



छात्रा को सम्मानित करते एआरपी अब्दुल बशीर खां। ● अमृत विचार

- फिरदौस बी ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में हासिल की 22वीं रैंक

से केवल एक व्यक्ति ही शिक्षित नहीं होता, बल्कि उसका सुप्रभाव परिवार पर भी पड़ता है। शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार सभी को

# उत्तराखंड के युवक के तीन हत्यारोपी पकड़े

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** 28 फरवरी को उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा काजी निवासी 35 वर्षीय सेठ सिंह का शव पीपली वन में मिला था। युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

घटना तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम के पीपली वन की थी। उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा काजी निवासी सेठ सिंह उर्फ सेठी पुत्र फौजा अपने दोस्तों के साथ पीपली वन के जंगल में लकड़ी लेने की बात कह कर गया था। जब वह दो दिन तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने केलाखेड़ा पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद परिजन सेठ सिंह की तलाश में पीपली वन क्षेत्र पहुंचे थे। वहां 28 फरवरी की देर रात तलाश करने पर परिजनों को सेठ सिंह का शव मिल गया था। परिजनों ने शव मिलने की सूचना मिलकखानम पुलिस को दी थी। मृतक की पत्नी ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में कुलवंत उर्फ काका पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गुलाब सिंह का मझरा रम्पुरा काजी थाना केलाखेड़ा जिला ऊधमसिंह नगर, आसिम पुत्र नवाब निवासी ग्राम मझरा मर्दान थाना गदरपुर ऊधमसिंह नगर, इरफान अली पुत्र अख्तर अली निवासी कनकटा थाना गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर को पकड़ लिया। पुलिस को उनके पास से तमंचा भी मिला।



मिलकखानम पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित मेधावी किए गए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चमरौआ ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय अहमदनगर खेड़ा में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाली छात्रा पंछी को माला पहनाकर एवं प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने भी चयनित छात्रा का स्वागत किया। कहा कि इस वर्ष आयोजित होने वाली परीक्षा में कक्षा आठ के सभी विद्यार्थी सम्मिलित होकर उच्च स्थान प्राप्त कर विद्यालय, विकास क्षेत्र और शिक्षकों का नाम रोशन करेंगे। अन्य अभिभावकों को भी प्रोत्साहित करेंगे कि सरकारी स्कूलों के बच्चे आज अन्य छात्रों के साथ मुख्य धारा में सम्मिलित हैं और किसी से कम नहीं हैं। प्रधानाध्यापिका सुमन अरोड़ा ने सफल होने पर छात्रा को शुभकामनाएं दीं। बच्चों को इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया।



छात्रा को पुरस्कार देते प्रधानाध्यापक छत्रपाल सिंह। ● अमृत विचार



छात्रा को सम्मानित करतीं प्रधानाध्यापिका सुमन अरोड़ा एवं अन्य। ● अमृत विचार

- पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय मुंडियाखेड़ा में भी हुआ कार्यक्रम
- प्रधानाध्यापिका ने सफल होने पर छात्रा को दीं शुभकामनाएं

ब्लॉक के ही प्रथम चयनित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय मुंडियाखेड़ा में भी इसी प्रकार का आयोजन हुआ। कक्षा आठ के छात्र विशाल 15वीं और अल्फिजा ने 34वीं रैंक पाकर छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की। मेधावियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने वाली केंद्र सरकार की इस योजना के अंतर्गत अब इन छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रति वर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।

विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले दोनों बच्चों को प्रधानाध्यापक छत्रपाल सिंह ने उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों के साथ शिक्षक चंचल गुप्ता सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**मौसम** सुबह से चलना शुरू हुईं गर्म हवा, 39 डिग्री तक पहुंचा अधिकतम तापमान

# गर्मी बढ़ने पर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लू और गर्मी बढ़ने पर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। सुबह से ही गर्म हवाएं चलना शुरू हो गईं और दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण 24 घंटे में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप में छाता लगाकर या सिर पर कपड़ा ढंककर बाहर निकलें।

गर्म हवा चलने और तापमान बढ़ने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और आर्द्रता घटकर 14 प्रतिशत होने से गर्मी काफी बढ़ गई। घरों से बाहर निकलते ही गर्म हवा के थपेड़े लग रहे हैं। सुबह 10 बजे से लू चलना शुरू हो गईं। जबकि, मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण अगले 24 घंटे में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है लेकिन, अभी गर्मी और बढ़ने के आसार हैं। गर्मी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। सूर्य देव पूरा दिन आग बरसा रहे हैं। चार-पांच दिनों से सड़क पर निकलने पर गर्म हवा के थपेड़े चेहरे पर पड़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप और झुलसाती हवा के बीच लोगों ने जरूरी कामों को अंजाम दिया। 19 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा के साथ धूल के गुबार आने से लोगों को ज्यादा दिक्कत हुई। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने बताया कि तापमान अभी और बढ़ेगा।



शुक्रवार को चिलचिलाती धूप में पानी पीकर प्यास बुझाते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**हाल-ए-मौसम**

अधि. तापमान - 39 डिग्री सेल्सियस
न्यून. तापमान - 24 डिग्री सेल्सियस
आर्द्रता - 14 प्रतिशत
वायु वेग - 19 किमी. प्रति घंटा

"मौसम साफ व शुष्क रहने का अनुमान है। लेकिन सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। दिन का तापमान 39 से 42 डिग्री और रात का तापमान 24 से 27 डिग्री तक पहुंचने से कुछ स्थानों पर लू चलने के आसार हैं। 24 घंटे में बूंदाबांदी हो सकती है।"

-डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

## कूड़ा नहीं उठने से फैल रहे संक्रामक रोग

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला जेल रोड में सफाई कर्मचारी कूड़ा नहीं उठा रहे है। इससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी है। यह आलम तब है जब जनपद में संचारी रोग अभियान संचालित है। इसके बावजूद सफाईकर्मी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कूड़ा उठवाने के लिए कई बार नगर पालिका के अधिकारियों को बता चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर और सफाई कर्मी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**स्ट्रीट लाइट लगवाने को दिया पत्र :** एलआईसी रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात में अंधेरा छाया रहता है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाइट लगवाने के लिए मोहल्लेवासियों ने पालिकाध्यक्ष को पत्र दिया है। पत्र में कहा है कि यहां जो लाइट लगी हुई थीं, उन्हें सही कराने के लिए कर्मचारी ले गए थे। लेकिन इसके बाद यहां स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है।

# जागरूक रहकर करें लू से बचाव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डॉ. कुलदीप चौहान ने कहा कि हीट वेव के सपंर्क में आने पर आमतौर पर पानी की कमी (डिहाइड्रेशन), ऐंठन, ऊष्माघात, 39 डिग्री सेल्सियस से कम बुखार, सूजन और बेहोशी आमतौर पर ऐंठन के प्रारंभिक लक्षणों के साथ थकान, कमजोरी हो जाती है। चक्कर आना, सिर दर्द, उल्टी और पसीना लू लगने के लक्षण होते हैं।

घेर मियां खां स्थित नगरीय हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में शुक्रवार को आयोजित शिविर में डा. कुलदीप चौहान ने कहा कि आशा संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता सर्वे में घर-घर दस्तक देने को गति प्रदान कर रही हैं। कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए साफ पानी ज्यादा पिएं। ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारी से बचा जा सके। हल्के, ढीले सूती वस्त्र पहनें। ताकि शरीर तक हवा पहुंचे और पसीने को सोखकर शरीर को ठंडा रखे। धूप में बाहर जाने से बचें। अगर बहुत जरूरी हो तो धूप के चश्मे, छाता, टोपी पहनकर ही घर से निकलें। यात्रा करते समय बोतल में पानी जरूर रखें। गर्मी में ओआरएस का घोल पियें। घरेलू पेय जैसे नींबू पानी, कच्चे आम का पना, लस्सी आदि का प्रयोग करें। ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। कार्यस्थल पर पीने के साफ पानी की समुचित व्यवस्था रखें।

अर्बन समन्वयक मोहम्मद अनादिल ने घर में विजिट के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को डायरी पोर्टल ई-कवच पर एवं प्रत्येक घर के सभी सदस्यों का डिजीटल रिकार्ड बनाने के बारे में जानकारी दी। बताया कि घर में किसी सदस्य के बुखार, दस्त आदि से पीड़ित होने, पानी के जमाव, गंदगी आदि सूचना सीधे ऑन स्पॉट भरनी है। ताकि उस पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इस दौरान आशीष गुप्ता, शबाना एवं नगरीय क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

## एक नजर

### औषधि निरीक्षक ने किया मेडिकल स्टोर का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी व सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक ने शुक्रवार को शुतरखाना स्थित एन नबी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार को यहां रजिस्टर और विक्रय के अभिलेख नहीं मिले। लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन संतोषजक नहीं मिला। निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण की आख्या सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल को भेजी दी गई है। बताया कि जो मेडिकल स्टोर बंद मिले उनकी निगरानी कराई जा रही है। खुलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन खराब होने से राम रहीम पुल पर लगा जाम

**रामपुर, विचार :** शुक्रवार शाम को करीब पांच बजे वाहन खराब हो जाने के कारण राम-रहीम पुल पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। इसके बाद पुल पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लोगों ने वाहनों को एक किनारे लगवाया। उसके बाद जाम खुल सका। शुक्रवार को एक युवक टाटा मैजिक लेकर शाहबाद की ओर जा रहा था। राम-रहीम पुल पर चढ़ते समय उसका वाहन अचानक बंद हो गया। इसके बाद धीरे-धीरे करके जाम लगने लगा। उसके बाद लोगों ने किसी तरह वाहन को किनारे कराया। उसके बाद आवागमन शुरु हो सका।

### रंजिश में युवक को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र में रंजिश के चलते युवक को पीट दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना गंज क्षेत्र के अजयपुर गांव निवासी रोहन का कहना है कि गांव के ही कई लोगों से काफी समय से जमीन के विवाद को लेकर उसकी रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर आरोपियों ने रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### शहर कोतवाल ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर कोतवाल ने शुक्रवार को फोर्स के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान लोगों से वार्तालाप भी की गई। चोरी और लूट की बाजारों में होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने के लिए शहर कोतवाल विजय पाल ने शुक्रवार शाम को कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त की। ताकि जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत हो सके।

# जिले में डायरिया का प्रकोप, पांच दिन में भर्ती हुए 287 रोगी

## चिकित्सक मरीजों को दे रहे जंक फूड और खुले में बिक रहे पदार्थों का सेवन न करने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। मरीजों में उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत है। शरीर में पानी की कमी हो रही है। चिकित्सक मरीजों को उपचार के साथ एहतियात बरतने की भी सलाह दे रहे हैं कि रखे हुए खाद्य पदार्थ, जंक फूड और सड़े-गले फल न खाएं। जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में प्रत्येक रोगी 12 घंटे के लिए भर्ती किया जा रहा है।

हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी कर दी गई है। हीटवेव की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल में इस बार 25-25 बेड के तीन वार्ड बनाए गए हैं। पांच दिन में जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में 287 रोगी भर्ती हुए हैं। डायरिया वार्ड में प्रत्येक रोगी 12 घंटे के लिए भर्ती किया जा रहा है। गंभीर हालत के रोगियों के लिए सात बेड का कोल्ड रूम भी बनाया गया है।

एसीएमओ डा. संतोष कुमार ने बताया कि तेज धूप और गर्म हवा के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। पेट संबंधी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में रोगियों को घर से बाहर निकलने से पहले खूब पानी पिलाएं। यदि संभव हो तो आधे-आधे घंटे के बाद उन्हें ओआरएस का घोल पिलाएं।


जिला अस्पताल में जनरल फिजिशियन कक्ष के बाहर खड़े रोगी और तीमारदार।


टांडा के अस्पताल में बच्चे को देखते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल में हुई 881 रोगियों की ओपीडी

शुक्रवार को जिला अस्पताल में 881 रोगियों की ओपीडी हुई। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह ने बताया कि अन्य बीमारियों की तुलना में डिहाइड्रेशन, पेट दर्द, डायरिया जैसी समस्या से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने 160 रोगियों को देखा। इनमें से ज्यादातर उल्टी, दस्त के रोगी थे। इसके अलावा गंभीर हालत में रोगियों को इमरजेंसी भेजा गया। मौसम को देखते हुए रोगी एहतियात बरतने की सलाह दी।

"अस्पताल में लू से ग्रसित रोगियों के लिए सात बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। 25-25 बेड के तीन डायरिया वार्ड बनाए गए हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोग एहतियात बरतें। हाथ-पैरों में दर्द, शरीर में पानी की कमी होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।"
-डा. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक।

### 5 दिन में डायरिया वार्ड में इतने रोगी हुए भर्ती

| दिन | रोगी |
|---|---|
| सोमवार | 70 |
| मंगलवार | 60 |
| बुधवार | 60 |
| गुरूवार | 65 |
| शुक्रवार | 32 |
| कुल | 287 |

### टांडा के अस्पताल में बढ़ने लगी मरीजों की भीड़

**टांडा, अमृत विचार :** गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सरकारी व निजी अस्पतालों में डायरिया, वायरल और खांसी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है। सीएचसी में विभिन्न रोगों से ग्रस्त 400 रोगी रोजाना उपचार कराने पहुंच रहे हैं। चिकित्सक रोगियों को दवा के साथ धूप से बचाव एवं खानपान में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में पेय पदार्थों का सेवन करना शरीर के लिए जरूरी है। लेकिन अत्यधिक ठंडा पानी पीने और आइसक्रीम के सेवन से भी बचना जरूरी है। गर्मी एवं तेज धूप ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। गुरुवार को सीएचसी में ओपीडी 400 के करीब रही। गर्मी का सबसे ज्यादा असर बच्चों व बुजुर्गों की सेहत पर पड़ रहा है। बालरोग विशेषज्ञ डा. अजय कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते नजला-जुकाम, गले में दर्द एवं पेट संबंधी बीमारियों के मरीज सीएचसी पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हैं।

## गोवंशीय पशुओं के अवशेष फेंकने वालों की तलाश में जुटी पुलिस

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक क्षेत्र में गुरुवार को गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से हिन्दू संगठन के लोगों में आक्रोश पनप गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले को शांत करा दिया था। पुलिस अवशेष फेंकने वालों को तलाश रही है।

कोतवाली क्षेत्र के लखीमपुर विष्णु गांव के ग्रामीण गुरुवार की सुबह जंगलों की तरफ निकले तो सड़क किनारे एक खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े दिखाई दिए थे। ग्रामीणों ने सूचना हिन्दू संगठन के लोगों को दी थी। मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोगों ने हंगामा करते हुए दोषियों को शीघ्र पकड़ने की मांग की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोवंशीय पशुओं के अवशेष को कब्जे में ले लिया था। जमीन में दफन करा दिए थे। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी हासिल करनी चाही। लेकिन आरोपियों को कोई सुराग हाथ नहीं लग सका था। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

# बेटियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने वाली एवं इंटरमीडिएट में तीसरा स्थान पाने वाली दोनों बहनों के घर पहुंचकर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने दोनों बहनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि बेटियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। मां-बाप आधा पेट भोजन करके अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। ताकि बच्चों का भविष्य सुनहरा बनें। बच्चे ही देश के कर्णधार हैं।

क्षेत्र के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी करन सिंह की पुत्री कामिनी गंगवार ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में पहला स्थान पाया है। उसकी बहन पूनम ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षाफल आने के बाद से ही उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है। शुक्रवार को राज्य मंत्री भी उनके घर पहुंचे और दोनों बहनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मिठाई खिलाकर उज्वल भविष्य की बधाई दी।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि बेटियों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाएं। इसमें वह पूरा सहयोग करेंगे। इसमके बाद राज्य मंत्री ग्राम सिहारी पहुंचे। उन्होंने गांव निवासी टीकाराम मौर्य के पुत्र विशेष को भी सम्मानित किया। विशेष ने इस वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर रजनीश कुमार पटेल, रवि गंगवार, लीलाधर गंगवार, जितेन्द्र प्रधान, विजयपाल, नन्दकिशोर गंगवार, प्रगट सिंह, मोनू गंगवार, राकेश मास्टर आदि उपस्थित रहे।


कामिनी और पूनम को सम्मानित करते बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

● राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने होनहार बहनों को किया सम्मानित

## जिले में ओवरलोड से फुंके सात ट्रांसफार्मर

**रामपुर, अमृत विचार :** अप्रैल में गर्मी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। गर्मी का पारा बढ़ने पर बिजली की खपत बढ़ गई है।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों और प्रतिष्ठानों पर पंखे, कूलर, एयरंकडीशन जैसे संसाधनों का उपयोग अधिक करने लगते है। इनके प्रयोग से बिजली लाइनों, बिजलीघरों व ट्रांसफार्मरों पर भी भार बढ़ जाता है। अत्याधिक भार के चलते ट्रांसफार्मर भी फुंक जाते हैं। हालांकि पिछले साल फुंकने वाले ट्रांसफार्मर की संख्या कम रही थी।

जिले में शुक्रवार को एक ही दिन में सात ट्रांसफार्मर फुंक गए। इनमें पांच निजी नलकूप के दो गांव की आबादी वाले क्षेत्रों के हैं। यह ट्रांसफार्मर संबंधित क्षेत्रों से उतरवाकर मरम्मत के लिए ट्रांसफार्मर की वर्कशॉप भेजे गए हैं। यदि शुरूआत में यह हाल है तो आगे समस्या और बढ़ सकती है ।

# विकल महाराज का श्रद्धा पर्व मनाकर लौटे भावाधास (भीम) के कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भावाधास (भीम) के तत्वावधान में विकल महाराज का श्रद्धा पर्व मनाया गया। भारत के 11 प्रांतों के भक्तों ने वाल्मीकि तीर्थ सीताबनी (रामनगर) नैनीताल में अपने धर्म गुरु वीरेश विकल महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
वहां से लौटे वीरेश भीम अनार्य ने बताया कि विकल महाराज 26 अप्रैल 2010 को परमात्मा के चरणों में जा विराजे थे। उनकी पुण्यतिथि हर वर्ष श्रद्धा पर्व के रूप में मनाई जाती है। इसमें पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर सहित अनेक प्रांतों के हजारों लोग शामिल हुए। वीर श्रेष्ठ चरण सिंह बबरीक दिल्ली ने भजन गाकर समा बांध दिया। उन्होंने कहा कि वह विकल नामलेवा को एकत्र करें। इसके लिए सीताबनी सबसे अच्छा स्थान है। चरण सिंह की उपस्थिति चर्चा का विषय रही। धर्मगुरु विराट नाथ ने विकल के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दिल्ली से सूरज प्रकाश चावरियां, उत्तराखंड से मनोज पवार, शिवानंदन टांक उत्तर प्रदेश, सतीश पारचा, कैलाश एकलव्य, मुकेश चौधरी, विजय अनार्य आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भावाधास के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


बच्चों के साथ मौजूद परिजन एवं टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

# दो बच्चों को परिजनों से मिलाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में दो बच्चे भटकते हुए मिले थे। पुलिस ने इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को दी थी। चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला समन्वयक फरहा खान व टीम ने मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंच कर बालकों से जानकारी की।

टीम की गई पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वह नेपाल के रहने वाले हैं। इसके अलावा वह अपने बारे में और कुछ जानकारी नहीं दे सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव ने उन्हें शेल्टर होम भेज कर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चाइल्ड लाइन की जिला समन्वयक व टीम ने दो दिन तक लगातार काउंसलिंग के बाद बच्चों से फेसबुक व फोन नंबर की जानकारी एकत्र की। इसके बाद उनके रिश्तेदारों से बात की गई। बच्चों को उनके संबंधियों की व संबंधियों को बच्चों की पहचान कराई। इसके बाद उनके मामा व जीजा को बुलाया। बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# काशीपुर जाने वाली निजी बसों का संचालन बंद

संवाददाता, मसवासी

● बीस गांव के लोगों को करना पड़ रहा दिक्कत का सामना

**अमृत विचार :** रामपुर से काशीपुर को चलने वाली निजी बसें बंद होने से मसवासी समेत आसपास के 20 गांव के लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। मजबूरन काशीपुर जाने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

करीब पंद्रह वर्ष पूर्व रामपुर से स्वार होकर मसवासी से काशीपुर को निजी बसों का संचालन होता था। लेकिन कुछ दिन बाद इन इन बसों के पहिए धीरे-धीरे थमते चले गए और उत्तराखंड के लिए निजी बसों का संचालन बंद हो गया। रामपुर से हल्द्वानी और काशीपुर को चलने वाली निजी बसों के आज भी परमिट हैं, लेकिन उत्तराखंड के शहरों में निजी बसों के अड्डे समाप्त कर दिए गए। बसों को खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है। बसों के बंद हो जाने से नरपत नगर, मोतीपुरा, खौद, बिजारखाता, सीतारामपुर, अलीगंज, खुशहालपुर, फतेहगंज, बेलवाड़ा, रहमतगंज, करीमपुर, मिलक नोखरीद, घोसीपुरा, हसनपुर उत्तरी समेत आसपास के ग्रामीण जो काशीपुर आते-जाते थे निजी बसों के बंद हो जाने से परेशान हो गए हैं। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इन बसों को दोबारा चलवाने की सुध नहीं ली। मजबूरन काशीपुर जाने वाले ग्रामीण ई-रिक्शा समेत अन्य वाहनों को प्रयोग करने को मजबूर हैं। इस रूट पर परिवहन निगम की बसों का संचालन भी नहीं है।

पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य ने इस रूट पर सुल्तानपुर पट्टी से स्वार होकर बरेली को संचालित होने वाली निगम की एक बस चलवाई थी। वह भी कुछ दिनों से रोक दी गई है। काशीपुर इंडस्ट्रियल एरिया है और मसवासी क्षेत्र के अधिकांश लोग तमाम कामों के लिए काशीपुर की दौड़ लगाते हैं।


"स्वार-मसवासी होकर काशीपुर को जाने वाली निजी बसों का संचालन बंद होने से क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए छात्राओं को भी दिक्कत उठानी पड़ रही है। प्रशासन को इस रूट पर निजी बसों का संचालन शुरू करना चाहिए।"
-राशिद हुसैन, मेडिकल संचालक, मसवासी


"मसवासी से काशीपुर को बसों के अभाव में यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस मामले की शिकायत कई बार जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से की गई है। लेकिन शिकायत पर कोई अमल नहीं किया गया है।"
– सोनू, दुकानदार, मसवासी


"निजी बसों का संचालन काफी समय से बंद है। इस मामले में जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की गई। लेकिन किसी ने पहल नहीं की है। मसवासी क्षेत्र के लिए यह बड़ी समस्या है। मजबूरन क्षेत्र के लोग निजी वाहनों में सवार होकर काशीपुर पहुंचते हैं।"
– अबरार हुसैन


"निजी बसों का संचालन बंद होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डग्गामार वाहन में सवार होकर काशीपुर पहुंचना पड़ता है। काफी प्रयास के बाद भी बसों का संचालन शुरू नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीण आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर हैं।"
– अजीम, दुकानदार

## कर विभाग में पद रिक्त होने से राजस्व की रफ्तार सुस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● नगर पालिका परिषद के कर विभाग में रिक्त हैं पांच पद

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के कर विभाग में काफी समय से पांच पद रिक्त हैं। इन पदों पर तैनाती नहीं होने पर राजस्व की रफ्तार सुस्त है। तैनाती कराने के लिए पालिका के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पिछले दिनों हुई बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने राजस्व की रफ्तार धीमी मिलने पर नाराजगी जताई थी। लेकिन, पद रिक्त होने के कारण वसूली रफ्तार नहीं पकड़ रही है।

शहरी क्षेत्र में 30,000 से ज्यादा भवन और 900 के करीब प्रतिष्ठान हैं। मकानों, दुकानों का प्रतिमाह जल व गृह कर जमा कराना होता है। हर माह इसकी पर्ची नगर पालिका की ओर से दी जाती है। पर्ची मिलने के बाद पालिका में कोई टैक्स जमा नहीं कराता है। विभाग में कर निर्धारण अधिकारी का एक पद, कर अधीक्षक के दो पद स्वीकृत हैं। इसके सापेक्ष कोई तैनाती नहीं है। चार राजस्व निरीक्षक के सापेक्ष दो की तैनाती है। इसमें संजीव कुमार और शमीम सेवाएं दे रहे हैं।

ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने शमीम को कर अधीक्षक का चार्ज सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि जल, गृहकर के नोटिस बनवाने के लिए विभाग की ओर आउटसोर्सिंग पर कुछ कर्मचारियों को रखा गया है। इसके बाद भी राजस्व की रफ्तार नहीं बढ़ पाई है। इसके कारण पालिका का कर्ज बढ़ता जा रहा है। ईओ ने बताया कि पदों पर तैनाती के लिए नगर विकास अनुभाग को लिखा गया है। पदों पर तैनाती शासन स्तर से होनी है। अभी कुछ दिन पहले नगर पालिका परिषद बिजनौर से शमीम की राजस्व निरीक्षक पद पर तैनाती हुई है।

**लापरवाही** उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है शिकायत, ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर एक महिला की हो चुकी है मौत

# हादसों को न्योता दे रहे खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में बिजली विभाग ने जगह-जगह ट्रांसफार्मर जमीन पर ही खुले में रख दिए हैं। इनकी न तो प्लंथिंग कराई गई और न ही फेसिंग। इसके चलते इनसे कभी भी हादसा हो सकता है। खुले में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो चुकी है।

नगर वासियों ने इस बारे में स्थानीय अधिकारियों समेत उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की थी, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। इन ट्रांसफार्मरों पर नंगे तार झूल रहे हैं। व्यस्ततम इलाकों में रखे ट्रांसफार्मरों के आसपास बच्चे खेलते रहते हैं। लोगों की आवाजाही भी बनी रहती है। झूल रहे तारों से चिंगारी निकलने पर आग लगने का खतरा बना रहता है। सड़क किनारे व व्यस्त इलाकों में रखें ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई थी। जबकि दूसरी महिला अपने दोनों हाथों से हाथ धो बैठी है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह है कि घटनाएं होने के बाद भी नहीं चेते हैं।


सड़क किनारे खुले में जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार


"कई शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी सड़क किनारे खुले में रखे ट्रांसफार्मरों की प्लंथिंग कराना तो दूर बैरीकेडिंग भी नहीं करा सके हैं। इसके कारण हादसों की आशंका बनी रहती है।"
– सुभान रिजवी


"ट्रांसफॉर्मर से कई बार घरों में करंट दौड़ जाता है। फाल्ट होने पर चिंगारियां घरों पर गिरती हैं। इससे आग लगने का खतरा बना रहता है। लोग जान जोखिम मे डालकर आवागमन को मजबूर हैं।"
– वसीम अहमद


"ट्रांसफार्मरों में लगे हाई वोल्टेज के तार लटक रहे हैं। इन ट्रांसफार्मरों के पास बच्चे भी खेलते रहते हैं। लेकिन बिजली विभाग आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं। शायद उन्हें किसी हादसे का इंतजार है।"
– इमरान अंसारी, सभासद


"खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी महिला के दोनों हाथ कट गए। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लगता है कि विभाग के अधिकारी किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं।"
– तसवीर असमद

# बड़े वाहनों के लिए बंद हो सकता है कोसी पुल

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे पर कोसी नदी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। यह कभी भी बड़े वाहनों के लिए बंद करना पड़ सकता है। फिलहाल क्षतिग्रस्त पुल से बड़े वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। पुल बंद होने से नैनीताल जाने वाले पर्यटकों को दिक्कत हो सकती है। फिलहाल पुल से ओवर लोड वाहनों के गुजरने पर रोक लगा दी गई है।

गुरुवार को मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे पर कोसी नदी पर स्थित पुल भारी वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद भी भारी वाहन धड़ल्ले से गुजरते रहे। गुरुवार को दस बजे सफाईकर्मियों ने क्षतिग्रस्त पुल की जगह लाल कपड़ा जगह लगा दिया था। सूचना पाकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। क्षतिग्रस्त पुल की जगह मिट्टी के बोरे रखवा दिए थे। शुक्रवार को भी क्षतिग्रस्त पुल से भारी वाहन गुजरते रहे। हालांकि बड़े वाहनों के कारण कोई अनहोनी तो नहीं हुई, लेकिन बड़े वाहनों के लिए क्षतिग्रस्त पुल कभी भी बंद हो सकता है। इस कारण जहां एक और बड़े वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा तो दूसरी ओर दिल्ली से वाया सिरसवां दोराहे से टांडा- दढ़ियाल होकर नैनीताल जाने वाले पर्यटकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।


टूट कोसी पुल के पास लगाए गए ड्रम। ● अमृत विचार

"पुल की मरम्मत में 15-20 दिन का समय लगेगा। इस कारण भारी वाहनों को बंद करना पड़ेगा। वहीं पुल के दोनों और बैरिकेडिंग लगा दी जाएगी। फिलहाल ओवरलोड वाहनों के पुल से गुजरने पर रोक लगा दी गई है।"
– मोहम्मद आजम, जेई, पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड

## एक नजर

### बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप के लिए चंद्रकांत का चयन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के बॉस्केटबाल खिलाड़ी चंद्रकांत का चयन स्कूल गेम्स नेशनल अंडर 17 बालक बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। इससे महानगर के खिलाड़ियों में खुशी है। चंद्रकांत बीते 5 साल से आरएसडी एकेडमी में कोच मोहित चौधरी के साथ अभ्यास कर रहे हैं। कोच मोहित चौधरी ने बताया कि 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूल गेम्स नेशनल अंडर 17 बालक बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन गुरुग्राम हरियाणा में हो रहा है। जिसके लिए महानगर के चंद्रकांत का चयन हुआ है। इस मौके पर जिला बास्केटबाल संघ के सचिव संजीव भारद्वाज, अध्यक्ष एएच रजा, सहसचिव फिरोज खान ने चंद्रकांत को बधाई दी। चंद्रकांत इससे पहले सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर चुके हैं।

### भारतीय टीम के लिए ट्रायल में वंशिका ने प्रतिभाग किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के बेटी और शानदार निशानेबाज खिलाड़ी वंशिका विश्नोई ने भारतीय टीम के लिए आयोजित ट्रायल में प्रतिभाग किया। भारतीय टीम के लिए भोपाल में 12 अप्रैल से 28 अप्रैल तक ट्रायल चल रहे हैं। इसमें वंशिका ने तीसरे व चौथे ट्रायल में प्रतिभाग किया। महिला वर्ग की खिलाड़ी ने तीसरे ट्रायल में 602.3 व चौथे ट्रायल में 605.9 अंक प्राप्त किए। वंशिका राजस्थान के अलवर शहर में स्पोर्ट्स एथोरिटी ऑफ इंडिया ( साईं ) में निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रही हैं। पिता राजीव कुमार ने बेटी का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम व सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट की सुरक्षा प्रबंध में कोई शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया। कहा कि सख्ती से नजर रखें। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को स्ट्रांग रूम के आसपास बेहतर साफ-सफाई कराने के साथ-साथ चूना और कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मतगणना के लिए भी अभी से व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए कहा।

**राहत की उम्मीद**



कांठ रोड पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत किया जा रहा नाला निर्माण का कार्य। ● अमृत विचार

**दुश्वारियों भरा रास्ता**



कांठ रोड पर टूटी सड़क से होकर गुजरते वाहन और सड़क पर रखी केबल। ● अमृत विचार

### 29 से भागलपुर-हरिद्वार के बीच समर स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे द्वारा गर्मी की छुट्टियों के लिए यात्रियों को एक और समर स्पेशल ट्रेन की सौगात दी गई है। यह समर स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल को भागलपुर से मुरादाबाद होकर हरिद्वार के लिए चलेगी। ट्रेन में 25 जून तक यात्री सफर कर सकेंगे। भागलपुर से सोमवार व हरिद्वार से मंगलवार को ट्रेन चलेगी। जबकि श्री सिद्धारूढ़ा स्वामी हुबली स्टेशन से योग नगरी स्पेशल भी 29 से संचालित होगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मई जून में ट्रेनों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेन चला रहा है। ट्रेन भागलपुर (03423-24) से सोमवार को 29 अप्रैल से चलेगी। भागलपुर से दोपहर 1.55 बजे चलकर सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, कितल, मोकामा, बख्तियारपुर, बरेली होकर मुरादाबाद मंगलवार को 12.30 बजे पहुंचेगी।

# पारा 40 डिग्री पार, असहनीय लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाया

## जिलाधिकारी ने लू से बचाव को जिला व तहसील स्तर पर नामित किए नोडल अधिकारी, विभागों को दिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अप्रैल में ही गर्मी ने जून का अहसास करा दिया। शुक्रवार को तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया। सूरज की तपिश से बचने के लिए लोग दिन में छांव तलाशते रहे। शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। वहीं महानगर में सार्वजनिक प्याऊ की स्थिति ठीक न होने से लोगों को बोतलबंद पानी का सहारा लेना पड़ा।

शुक्रवार को सूरज की तपिश व लू के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। 18 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा से लू से लोग परेशान रहे। आर्द्रता 15 प्रतिशत रहा। वहीं लू से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के गाइडलाइंस का पालन कराने के लिए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया। जबकि तहसील स्तर पर सभी उप जिलाधिकारी व ब्लॉक स्तर पर सभी खंड विकास अधिकारियों को लू से बचाव के इंतजाम कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने विभागों के अध्यक्ष को एसओपी (स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोड्यूसर्स) तैयार करते हुए लू से बचाव की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

कहा कि लू से खासकर बच्चों को बचाने के लिए तत्परता दिखाई जाए। जिला आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुरूप सभी विभागों के अधिकारियों को एसओपी के अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है।



सिविल लाइंस क्षेत्र में दोपहर के समय धूप से बचने को छाता लगा कर जाती महिलाएं।

### स्वास्थ्य विभाग को मिली है यह जिम्मेदारी

- लू (हीट वेव) के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना व ग्रामीण स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए अलर्ट जारी करना।
- सन स्ट्रोक से बचाने के लिए जन सूचना जारी करने के साथ आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करना।
- 108-102 सेवा के एंबुलेंस को तैयार रखना व अन्य आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय रखना।
- सभी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी में ओआरएस व तरल पदार्थ का पर्याप्त स्टॉक का प्रबंध करना।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में सभी आवश्यक दवाओं का प्रबंध सुनिश्चित करना व हीट वेव से प्रभावित लोगों को 24 घंटे चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए तैयार रहना।

### फसलों के अवशेष को खेतों में न जलाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी में तैयार फसलों को काटने के बाद उनके अवशेष को खेतों में छोड़ दिया जाता है या जला दिया जाता है। ऐसी दोनों स्थितियों में फसलों के सूखे अवशेषों के कारण अग्निकांड की घटनाएं होती हैं। इसके अलावा पेड़ों की सूखी पत्तियों, टहनियों व सूखे कचरे को भी एक जगह एकत्र कर आग लगाने से फैलने वाली चिंगारी के कारण अग्निकांड की संभावना प्रबल हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने की जरूरत है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मी अधिक पड़ने पर हीट वेव (लू) चलती है। इसको देखते हुए आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए अपील है कि वह फसलों को काटने के बाद उसके अवशेषों को न तो जलाएं और न ही खुला छोड़ें। इसकी जगह उन अवशेषों को जमीन में गड्ढा बनाकर दबा दिया जाए। पेड़ों की सूखी पत्तियों, टहनियों व सूखे कचरे को भी एक स्थान पर एकत्र करके उसमें जलाने के स्थान पर उसे मिट्टी में दबा दिया जाए। जिससे अग्निकांड की घटनाओं को रोका जा सके।

### अग्निशमन विभाग भी हुआ सतर्क

- लू को देखते हुए अग्निशमन विभाग द्वारा जिला मुख्यालय व तहसीलों में स्थापित उप केंद्रों को आवश्यक संसाधनों सहित सप्ताह के सात दिन 24 घंटे क्रियाशील रखना व अग्नि आपदा से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक करना।
- लू के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग की जिले व तहसील व समस्त उपकेंद्रों पर उपलब्ध उपकरणों, संसाधनों की सूची पूरे विवरण के साथ संबंधित जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी के मोबाइल नंबर सहित विवरण जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में उपलब्ध कराना।
- जन सामान्य द्वारा सूचना देने लिए सभी केंद्रों पर स्थापित टोल फ्री नंबर का प्रचार प्रचार करना।

### नगर निगम-नगर निकाय की व्यवस्था

- मंदिरों, लोक भवन, मॉल में कूलिंग सेंटर संचालित करने।
- नगरीय क्षेत्रों के सब्जी मंडी, चौराहे व सार्वजनिक स्थानों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था व नगर के दूरदराज वाले क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था।
- नगरीय क्षेत्रों में जहां छाया हो या जहां लोगों का ठहराव होता हो उसे चिह्नित कर प्याऊ (गिलास सहित) की व्यवस्था करना।

### परिवहन विभाग को यह है करना

- जिलाधिकारी ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को निर्देश दिया है कि वह इन प्रबंधों को कराएं।
- बस स्टैंडों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीमों की तैयारी, पीने के पानी व यात्रियों के लिए लू से बचाव के उचित व्यवस्था।
- बस स्टैंडों पर यात्रियों के लिए छायादार शेड व पेयजल की व्यवस्था।
- बसों पर समय-समय पर पानी का छिड़काव कराना।

### शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी

- तीव्र गर्मी से बचाव के लिए विद्यालयों के समय में परिवर्तन।
- छात्र-छात्राओं के लिए पेयजल, बिजली कनेक्शन व पंखों की व्यवस्था कराना।

### पंचायती राज विभाग

- ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों, चौराहों व आवश्यकतानुसार संबंधित गांवों में पानी की टंकी, टैंकरों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया हो या जहां लोगों का ठहराव होता हो उसे चिह्नित कर प्याऊ (गिलास सहित) की व्यवस्था करना।

### बिजली विभाग इस तरह बरतेगा सतर्कता

- शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में टूटे बिजली के खंभे व जर्जर तारों को बदलना, समय-समय पर रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराना।
- जन सामान्य के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर यदि किसी कारण से बिजली आपूर्ति ठप हो जाए तो उस क्षेत्र में यथासंभव बिजली आपूर्ति समय से सुनिश्चित करना।

# हज यात्रा के लिए जायरीनों का प्रशिक्षण व टीकाकरण 29 से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों का टीकाकरण और उन्हें ट्रेनिंग देने के लिए अल्पसंख्यक विभाग की ओर से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें हज ट्रेनरों द्वारा जायरीनों को ट्रेनिंग दी जाएगी और उनका टीकाकरण भी किया जाएगा।

हज यात्रा में इस बार जनपद से 1880 जायरीन जाएंगे। इसको लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। जिसके चलते जिले में आगामी 29 अप्रैल से दो मई तक ट्रेनिंग व टीकाकरण शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें 29 अप्रैल को महानगर के पीरगैब स्थित मदरसा जामिया सिद्दिया निकट जन्नत निशा स्कूल में शिविर लगेगा। जहां हज ट्रेनर खुसरो फैसल व नुजहत जमाल ट्रेनिंग देंगे। एक 30 अप्रैल को मदरसा अब्दुल गफूर नईमी पाकबड़ा व मदरसा जामे उल हुदा गलशहीद में शिविर लगेगा। एक मई को मदरसा नासिर उल उलूम कांठ, मदरसा जामिया नईमिया दीवान का बाजार, मदरसा बशीरूल उलूम कुंदरकी में ट्रेनिंग व टीकाकरण के लिए शिविर लगेंगे। इसके अलावा दो मई को मदरसा नूरूल कुरान गुईयांबाग, मदरसा एमएच इस्लामिया मोहल्ला लाल बाग व मदरसा अंसार उल्लाह फैजुल उलूम गांव मिलक बूजपुर आशा मूंढापांडे में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी जायरीन अपने नजदीकी शिविर में जाकर टीकाकरण और हज ट्रेनिंग ले सकते हैं।

> 29 अप्रैल से दो मई तक हज के लिए जिले से जाने वाले 1880 जायरीनों के लिए टीकाकरण और हज ट्रेनिंग शिविर लग रहे हैं। सभी लोग समय से अपने नजदीकी शिविर में पहुंच कर टीकाकरण कराएं और ट्रेनिंग में शामिल हों।
> – खुसरो फैसल उर्फ राजा, हज ट्रेनर



### महिला बंदियों से मिलीं अपर जिला जज, दी अधिकारों की जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरन बाला ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले महिला बैरक में महिला बंदियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। जिसमें उनके अधिकारों के बारे में बताया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। अपर जिला जज किरन बाला ने महिला बैरक में बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को पूछा। उन्हें बताया कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत न्यायालय से हो गई है, लेकिन वह जमानतदार दाखिल नही कर पा रहे हैं, वह बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। उनकी रिहाई के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही करेगा। महिला बंदियो से उनके साथ रह रहे बच्चों के खान-पान व उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। इस मौके पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह, जेलर एमके पाण्डेय, रेखा मदान, प्राधिकरण कर्मी ईशु शर्मा, विकास बाबू गौड़ आदि मौजूद रहे।

# हिंदू कॉलेज परिसर में जलभराव से छात्र परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हिंदू कॉलेज में इस समय हालात बद से बदतर हैं। यहां प्राचार्य के कार्यालय तक जाने के लिए आपको एक से डेढ़ फीट तक पानी से होकर गुजरना होगा। यहां सीवर लाइन का मेनहोल चोक होने से जलभराव हो गया है। यह समस्या कई वर्षों से लगातार बनी हुई है। लेकिन, शायद ही कभी जल निगम ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है। इस समय यहां बीते कई दिनों से पानी भरा हुआ है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतना हो गया है।

हिंदू कॉलेज में करीब 12 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत का कहना है कि कॉलेज में मिड टर्म परीक्षाएं चल रही हैं। लेकिन, जल निगम की लापरवाही की वजह से छात्रों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कालेज में प्रवेश करते ही पानी ही पानी देखने को मिलेगा। प्राचार्य कक्ष तक जलभराव है। हालात इतने खराब है कि जलभराव के कारण प्राचार्य को भी अपने कक्ष में जाना मुश्किल हो गया है। दुर्गंध कक्षाओं तक जा रही है। जल निगम की इस लापरवाही से प्रभावित हो रहे शिक्षण कार्य को लेकर जिला प्रशासन भी गंभीर नहीं है। प्राचार्य का कहना है कि वह इस समस्या से कई बार जिला प्रशासन को अवगत कर चुके हैं। कॉलेज की ओर से कई बार जिलाधिकारी को पत्र लिखा जा चुका है। लेकिन, न तो जल निगम और न ही जिला प्रशासन की ओर से समस्या का समाधान किया गया।



हिंदू कॉलेज में जलभराव के बीच होकर गुजरते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### आए दिन कॉलेज में भरता है पानी

कॉलेज में यह समस्या कोई नई नहीं है। यह वर्षों से चली आ रही है। यहां लंबे समय से सीवर लाइन चोक हो जाती है। यहां सैनी बस्ती का भी पानी भी जाता है। सैनी बस्ती से पशुओं का गोबर भी इसी में बहाया जा रहा है। जिस वजह से पानी से बदबू आ रही है। हालात इतने खराब है कि छात्र-छात्राओं का कक्षाओं में बैठना मुश्किल हो गया है।

### स्वच्छता का दावा हवाई

एकतरफ तो जिला प्रशासन पूरे मंडल में स्वच्छता को लेकर अभियान चला रहा है। महानगर तो छोड़िए, कॉलेज में बीते कई दिनों से पानी भरा हुआ है। लेकिन, विभाग की ओर से अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पानी में मच्छर पनपना शुरू हो गए हैं। बदबू फैल रही है। ऐसे में अगर किसी विद्यार्थी की तबीयत खराब हो जाती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। यह बड़ा सवाल है।

**लोकसभा चुनाव** | संभल लोकसभा सीट की बिलारी व कुंदरकी विस क्षेत्र की गणना भी मंडी समिति में होगी

# मतगणना को टेबलवार लगेगी कर्मचारियों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद लोकसभा सीट के अलावा संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाले जिले की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों में पड़ने वाले मतों की गिनती मंडी समिति मझोला में होगी। इसके लिए 14 टेबल पर कर्मचारियों की ड्यूटी गिनती के लिए लगेगी।

मुरादाबाद लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाली पांच विधानसभा मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद ग्रामीण, ठाकुरद्वारा, कांठ के अलावा बिजनौर की बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। इसमें पड़े वोटों की गिनती मंडी समिति में होगी। इसके अलावा तीसरे चरण में 7 मई को संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाली जिले के बिलारी व कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के बाद ईवीएम मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में जमा होगी। इन सभी की गिनती 4 जून को एक साथ होगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए हुए 62 प्रतिशत मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। जहां त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। मंडी समिति में इसके लिए पंडाल में कर्मचारियों को विधानसभावार तैनात किया जाएगा। प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए बल्ली लगाकर अलग से गैलरी बनाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह स्वयं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की मानीटरिंग कर रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि 14 टेबल पर मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए मतों की गणना कराई जाएगी। बूथवार राउंड चलेंगे। संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाली बिलारी व कुंदरकी विधानसभा के अन्तर्गत 7 मई को होने वाले मतदान के बाद ईवीएम यहीं जमा होगी। मतगणना मंडी समिति में ही कराई जाएगी।



मंडी समिति गेट पर ईवीएम की सुरक्षा में तैनात पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### एमडीए कार्यालय पर बनेगा आकर्षक चौराहा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** स्मार्ट दिल्ली रोड पर लेआउट में सात चौराहों के डिजाइन पास किए गए है। जिसमें मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने सुंदर चौराहा बनेगा।

इसके बीच में गोल स्थान छोड़ा गया है। जिसमें भी काम होगा। इससे पहले मुरादाबाद प्रवेश द्वारा के पास फाउंटेन बनाए जाने हैं। ग्रीन आर्चिड के पास चौराहा बनेगा। मनोहरपुर रोड, मझोला थाना, गागन नदी के पहले नदी के बंधे पर बनी रोड के पास भी आने की व्यवस्था की जानी है। तीन किलो मीटर के स्मार्ट रोड में पांच बस स्टाप बनेंगे, जिसमें बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

# गागन तिराहा तक बनेगी स्मार्ट रोड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण जल्द ही दिल्ली रोड पर स्मार्ट रोड बनाने जा रहा है। एमडीए के उपाध्यक्ष ने सभी विभागों के इंजीनियरों के साथ बैठकर जीरो प्वाइंट पाकबड़ा से गागन तिराहा तक तीन किलोमीटर तक का लेआउट पास कर दिया है। जिसके बाद एस्टीमेट बनने के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिसके बाद स्मार्ट रोड का निर्माण शुरू होगा।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली रोड पर स्मार्ट रोड बनाने की योजना तैयार की गई है। जिसको लेकर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने इसके लेआउट को फाइनल कर दिया है। उन्होंने लेआउट तैयार करने वाली एजेंसी के एक्सपर्ट अरबाब अहमद से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने ले आउट में कुछ संशोधन कराए। इसके बाद लेआउट को फाइनल कर दिया। एमडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि जीरो प्वाइंट पाकबड़ा से गागन तिराहे के पुल तक तीन किलोमीटर तक स्मार्ट रोड बनाया जाएगा। जिसमें दोनों तरफ नौ-नौ मीटर चौड़ी रोड होगी। इसके बराबर में दो-दो मीटर का फुटपाथ बनेगा। तीन-तीन मीटर ग्रीन एरिया रहेगा। बाद में रोड के किनारे सर्विस लेन बनेगी। रोड के अंत में नाले का भी निर्माण कराया जाना है। ले आउट स्वीकृत हो गया है। यह देखा जा रहा कि इस प्रोजेक्ट पर कितनी धनराशि खर्च होगी। धनराशि का आकलन होने के बाद बोर्ड से इसकी स्वीकृति लेकर निविदा की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिसके बाद दिल्ली रोड को स्मार्ट बनाने का काम शुरू किया जाएगा।



एमडीए द्वारा दिल्ली रोड पर जीरो प्वाइंट पर बनाया गया प्रवेश द्वार। ● अमृत विचार


हसनपुर में मतदान के बाद स्याही का निशान दिखाती युवतियां। ● अमृत विचार


अमरोहा के जीआईसी में मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की कतार। ● अमृत विचार


अमरोहा में मतदान केंद्र के बाहर आईडी दिखातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# छिटपुट घटनाओं के बीच 64.55 प्रतिशत मतदान

## 2019 के लोस चुनाव के मुकाबले घटा मतदान प्रतिशत, कांग्रेस प्रत्याशी की पुलिस से बहस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को वोट डाले गए। छिटपुट घटनाओं के बीच इस सीट के लिए 64.55 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में 71.05 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसकी तुलना में 6.5 प्रतिशत मतदान कम हुआ है।

मतदान केंद्रों के बाहर सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की कतार गई। 12 बजे तक जमकर वोट डाले गए। इसके बाद जुमे की नमाज और तेज धूप होने पर मतदान की रफ्तार धीमी हो गई। हालांकि दोपहर दो बजे के बाद मतदान की रफ्तार फिर बढ़ गई। फिर शाम छह बजे तक मतदाताओं की संख्या अधिक दिखी। इसके बाद मतदान कार्मिकों मे ईवीएम और वीवीपैट को सील किया और अपने साथ ले गए। महिलाओं ने राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। अमरोहा नगर के सभी मतदान केंद्रां पर पुरुषों के बराबर ही महिलाएं दिखाई दीं। कुछ इलाकों में मतदान केंद्र दूर होने के बावजूद महिलाएं पैदल ही पहुंच गईं। तपती धूप के बीच भी मतदान केंद्र पर महिलाओं में वोट डालने को लेकर होड़ लगी रही। हालांकि दोपहर बाद महिलाएं बूथों पर कम दिखाई दीं लेकिन शाम को फिर महिला वोटरों की संख्या देखी गई।


अमरोहा में पुलिसकर्मियों से बात करते प्रत्याशी कुंवर दानिश अली। ● अमृत विचार

> जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया है। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया था, उसका असर मतदान के दिन देखने को मिला। मतदाताओं ने बंपर वोटिंग की। दोनों चरणों में अमरोहा जिले में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई। **-राजेश कुमार त्यागी,** जिला निर्वाचन अधिकारी

जिले भर में कई मतदेय स्थलों पर ईवीएम खराब होने की शिकायतें मिलीं। इन्हें ठीक कराने में समय लगा, जबकि कई बूथों पर ईवीएम को बदलकर मतदान शुरू कराया गया। गांव कांकर सराय के जूनियर हाईस्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र के बूथ तीन पर मतदान शुरू होने ही ईवीएम धोखा दे गई। इससे करीब आधा घंटे तक मतदान प्रभावित हुआ। जीआईसी के बूथ संख्या 156 पर वोट डालने आई महिला का वोट पहले ही डला हुआ मिला। इस पर उसने हंगामा किया। महिला ने बताया कि जब वह वोट डालने के लिए गई तो कार्मिकों ने उसे वोट डालने से मना कर दिया। कहा कि उसका वोट पहले ही डल चुका है। वोट न डलने की सूचना पर प्रेक्षक ने अधिकारी बूथ पर भेज दिए। एसडीएम ने मामले की जांच की तो पता चला कि मतदाता सूची में कुछ कमी के कारण ऐसा हुआ। हालांकि बाद में महिला का वोट डलवा दिया गया। उधर, बूथों का निरीक्षण कर रहे कांग्रेस प्रत्याशी दानिश की पुलिसकर्मी से नोकझोंक हो गई। जेएस हिंदू कॉलेज में बने बूथ पर दानिश अली अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और बूथ का निरीक्षण करने लगे। इस पर पुलिसकर्मी ने विरोध किया। कहा कि केवल प्रत्याशी ही बूथ का निरीक्षण कर सकता है और वह भी बिना मोबाइल के। मोबाइल के साथ बूथ पर जाने को लेकर दोनों में तीखी बहस हुई। हालांकि कुछ देर बाद मामला शांत हुआ। मंडी धनौरा, नौगांवा सादात, अमरोहा, हसनपुर और गढ़तुक्तेश्वर में शांति के साथ मतदान संपन्न हुआ। मतदान के बाद 12 प्रत्यशियों का भग्य ईवीएम में कैद हो गया।

### जनप्रतिनिधियों ने महापर्व में निभाई जिम्मेदारी

**अमरोहा/ हसनपुर, अमृत विचार :** भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने अपने गांव अगरौला कला स्थित प्राथमिक विद्यालय में अपने मत का प्रयोग किया। कांठ विधायक कमाल अख्तर ने परिवार के साथ उझारी स्थित मुस्लिम अरेबिक इंटर कॉलेज के बूथ पर मतदान किया। हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज स्थित बूथ पर मत का प्रयोग किया। गांव सिहाली जागीर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने वोट डाला। विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने अपनी पत्नी के साथ खंडसाल कला में बने बूथ पर अपना वोट डाला। अमरोहा की तुर्क कालोनी में बने बूथ पर सदर विधायक महबूब अली व उनके बेटे पूर्व एमएलसी परवेज ने वोट डाला। मंडी धनौरा में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने मतदान किया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. मोमराज सिंह गुर्जर ने अपने परिजनों साथ गांव शरफुद्दीनपुर के प्राथमिक विद्यालय में मतदान किया। मंडी धनौरा में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने भी मतदान किया। सैदनगली नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने परिजनों संग मतदान किया।

# सभी को सरकार चुनने का हक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने अपने मत का प्रयोग किया। पैतृक गांव में मतदान कर लोगों से अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट जरूर करें।

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाद मोहम्मद शमी ने अपने पैतृक गांव सहसपुर अलीनगर में भाई हसीब और भाभी के साथ अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। मतदान सभी का अधिकार है। शमी ने कहा कि आपका वोट आपका अकिधकार है। आपको अपनी सरकार चुनने का हक है। पसंद के प्रत्याशी को वोट डालें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी तारीफ की है। मेरे लिए गर्व की बात है।



वोट डालने के बाद स्याही का निशान दिखाते क्रिकेटर मोहम्मद शमी।



हसनपुर में बूथ के बाहर मतदान की पर्ची दिखाते मतदाता। ● अमृत विचार

# बरात से पहले दूल्हों ने निभाया फर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** लोकतंत्र के इस महापर्व में बरात ले जाने से पहले जनपद में कई स्थानों पर दूल्हों ने वोट डाले। इसके वे बरात ले गए। हसनपुर क्षेत्र के ग्राम झुंडी खादर निवासी कमल पुत्र राजेंद्र ने बरात ले जाने से पूर्व अपने मत का प्रयोग किया। अमरोहा में गाड़ी में सवार होकर पहली बार दूल्हा मतदान करने पहुंचा। नौगांवा सादात के गांव अलीपुर कलां निवासी जेपी सिंह ने भी बरात से पहले अपना वोट डाला। हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के पुत्र उदित गुर्जर ने भी दूल्हा बनकर मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग किया। कहा कि सबसे पहले मतदान करना जरूरी है।

**दिव्यांगों ने किया मतदान :** लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिखा। दिव्यांगों में मतदान करने का उत्साह दिखाई दिया। दिव्यांगों ने बताया कि महंगाई इतनी हो गई है कि दाल, चीनी, चावल, घी, दूध लोगों से दूर होता जा रहा है। गैस का सिलेंडर महंगा हो गया है।

खरीदने के लिए कई बार सोचना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई भी महंगी है। गजरौला में 102 वर्ष की महिला भी मतदान करने के लिए पहुंची। मंडी धनौरा में भी दिव्यांग ने अपने मत का प्रयोग किया।

● **शिक्षा, विकास और बेरोजगारी के मुद्दों को ध्यान में रखकर युवाओं ने पहली बार किया मतदान**

### कई बूथों पर ईवीएम हुई खराब, मतदान हुआ प्रभावित

**गजरौला,अमृत विचार :** शुक्रवार को मतदान शुरू होते ही कई मतदान केन्द्रों पर ईवीएम मशीन खराब हो गई। शिव इंटर कॉलेज में बने पोलिंग बूथ 228 व 229 की करीब एक घंटा ईवीएम मशीन खराब रही। जिसके चलते मतदान प्रभावित रहा। 228 बूथ की मशीन को ठीक कर दी गई लेकिन 229 बूथ पर नई ईवीएम मशीन लगाई। तब कहीं जाकर मतदान शुरू हो सका

### मतदान के बाद गेहूं की गहाई में जुटे मतदाता

**बुरावली, अमृत विचार :** किसानों में मतदान के प्रति खूब आस्था रही। खेतों में काम छोड़ पहले मतदान को प्राथमिकता दी। किसानों ने पहले मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने अधिकार का उपयोग किया। अपना वोट डाला दोपहर में खेतों में पहुंचकर अपने कामों में जुट गए। मोहम्मद शाकिर, जावेद, मुशायदा, खलील निवासी गंगवार अपने खेतों पर वोट डालने के बाद अपने खेतों पर गेहूं निकासी करते नजर आए।

# बुजुर्गों में दिखा उत्साह, वोट डाल खुशी का किया इजहार

संवाददाता, अमरोहा/ हसनपुर

**अमृत विचार:** जिले में शुक्रवार को बुजुर्गों में मतदान करने के लिए उत्साह दिया। उन्होंने परिजनों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मनपसंद के प्रत्याशी को वोट डाला। हसनपुर में नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र पर 106 साल के सईद अहमद ने मतदान किया।

उन्होंने अपने पुत्र के साथ जाकर वोट डाला। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

सरकार बनाने के लिए एक-एक वोट की कीमत होती है। बताया कि एक वोट की वजह से सरकार गिरती भी देखी है। वहीं अमरोहा नगर पालिका में बने बूथ पर 85 साल की बुजुर्ग जैतून अपने बेटे के साथ वोट डालने के लिए पहुंचीं। मतदान करने के बाद खुशी का इजहार भी किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के कन्या जूनियर हाईस्कूल के बूथ पर मतदान को लेकर भाजपाइयों ने हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बनारस से ड्यूटी पर आए दरोगा ने मतदाताओं को बेवजह परेशान किया। इससे गुस्साए कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। उन्होंने एक बूथ पर कुछ देर के लिए मतदान रोक दिया। एसडीएम ने मतदान शुरू कराया।


मंडी धनौरा में मतदान के बाद परिजनों संग पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी।


वोट डालकर निशान दिखाता युवक।


हसनपुर के गांव झुंडी खादर में दूल्हे कमल ने डाला वोट।


बरात जाने से पहले दुल्हा बने जेपी सिंह ने किया मतदान। ● अमृत विचार


बरात से पहले हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के पुत्र उदित ने डाला वोट।

## झलकियां



हसनपुर में सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेती युवती।



सेल्फी प्वाइंट पर स्याही का निशान दिखाती महिला।


अमरोहा में मतदान करने के बाद स्याही दिखाते पति-पत्नी।


विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी।


खंडसाल कला में निशान दिखाते एमएलसी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो।


हसनपुर में स्याही दिखाते पूर्व विधायक अशफाक अली खां।


स्याही का निशान दिखाते पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी।


निशान दिखाते युवा उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिखर अग्रवाल व उनकी पत्नी।


हसनपुर में मतदान करने के बाद बुजुर्ग को लाता युवक।


मतदान करने के बाद बुजुर्ग को लेकर आते लोग।


अमरोहा में वोट डालने के बाद निशानी दिखातीं जैतून।

## जनप्रतिनिधियों ने निभाई जिम्मेदारी


मतदान करने के बाद स्याही का निशान दिखाते भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर।


अमरोहा में निशान दिखाते विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली।


उझारी में वोट डालने के बाद परिजनों के साथ विधायक कमाल अख्तर।


सैदनगली में स्याही दिखातीं नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी, साथ में अन्य।


नौगांवा में मतदान के बाद परिजनों के साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मोमराज गुर्जर।


डिडौली के पतेई खालसा में मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लगी लाइन।


कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रुम का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

## एक नजर



बैंक में जायजा लेती पुलिस।

### पुलिस ने बैंकों में परखी सुरक्षा व्यवस्था

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस द्वारा नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक, केनरा सिंडिकेट बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सहित विभिन्न बैंकों में चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शुक्रवार को कांठ पुलिस द्वारा नगर की भारतीय स्टेट बैंक, केनरा सिंडिकेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बैंक शाखाओं में चेकिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंक शाखाओं के बाहर बिना लॉक के खड़े वाहनों को चेक कर वाहन स्वामियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैंक में अंदर बैठे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की।

# 400 पार सीटों से बनेगी भाजपा सरकार: योगी

## बिलारी की जनसभा में सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि केंद्र में इस बार चार सौ से अधिक सीटों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है। प्रदेश व केंद्र में और दलों की सरकारें रही हैं, उनमें भ्रष्टाचार और अपराध होते थे। भाजपा की सरकार में सुशासन है, सभी वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

नगर के स्टेशन रोड स्थित रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान में शुक्रवार को अरान्ह 3.30 बजे संभल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए सभी का अभिवादन किया और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरकर जैसे ही मंच पर पहुंचे पंडाल में भाजपा के समर्थन में नारेबाजी की गई। भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने अपनी टीम के साथ भगवान श्री राम का स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो कहा वह पूरा करके दिखाया, मोदी सरकार को फिर से बनाने की अपील की, उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई अनेक जन कल्याण योजनाएं बताकर जनता से वाहवाही लूटी, इसके साथ ही उन्होंने बसपा और समाजवादी पार्टी के अलावा कांग्रेस सरकार की मनमानी भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध पर नियंत्रण किया गया है। इसके अलावा उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के शासन में 80 करोड़ लोगों को राशन वितरण लगातार किया गया है, अन्य सरकारों में देश की जनता भुखमरी के कगार पर थी।

उन्होंने अंत में कहा कि स्वयं परमेश्वर लाल सैनी बनकर संभल लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को भारी मतों से विजयी बनाकर एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने में योगदान दें। कहा कि इस बार केंद्र में 400 से ऊपर सीटों से सरकार बनेगी। जिसमें संभल की भागीदारी भी रहेगी।



मंच पर हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संभल से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, साथ में राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. सैफाली सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### यह भी रहे उपस्थित

जनसभा में मुख्य रूप से राज्य मंत्री गुलाब देवी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी बिलारी सुरेश सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष संभल डॉक्टर अनामिका यादव, विधानसभा संजक लवली यादव, पालिका अध्यक्ष रघुराज यादव, राजेश सिंघल, जिला अध्यक्ष आकाश पाल सिंह, राजू कालरा, रालोद नेता अनिल चौधरी, वीर सिंह एडवोकेट, कुंदरकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी ठाकुर रामवीर सिंह, पूर्व चैयरमैन चौधरी ऋषिपाल सिंह, डॉक्टर सीपी सिंह, जिला अध्यक्ष संभल हरेंद्र सिंह रिंकू, भाजपा नेत्री निशा त्यागी, डॉक्टर गीता शर्मा, डॉक्टर विश्वास शर्मा, राजीव शर्मा, हेमंत शर्मा, सुबोध गुप्ता, केके गुप्ता, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, आनंदी प्रजापति आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तीन केंद्रों पर मात्र 1600 क्विंटल गेहूं खरीद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में सरकार के निर्देश पर गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं, तीन केंद्रों पर अभी तक मात्र 1600 कुंटल गेहूं की खरीद ही की गई है। यह खरीद तब हुई है जब अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांव-गांव जाकर किसानों से अपना गेहूं सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर बेचने के लिए दबाव बनाया। जबकि 15 दिन पहले तक तीनों केंद्रों पर मात्र 355 कुंटल गेहूं की खरीद की गई थी।

केंद्र सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंटल निर्धारित किया गया है। जबकि खुले बाजार में गेहूं का रेट 22 सौ रुपये से लेकर 23 सौ रुपये प्रति कुंटल है। ऐसे में किसान अपना गेहूं खुले बाजार में बेचकर नकद भुगतान प्राप्त कर रहा है। एसएमआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि रतूपुरा रोड स्थित मंडी समिति में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा तीन गेहूं खरीद केंद्र संचालित हैं। वह लगातार अपनी टीम के साथ गांव-गांव जाकर किसानों से जनसंपर्क कर गेहूं खरीद केंद्र पर ही गेहूं बेचने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह अपना गेहूं साफ सुथरा सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर ही बेचें। फिलहाल गेहूं का खुले बाजार में सरकारी निर्धारित दर से नाममात्र रेट अधिक होने के कारण किसान अपने गेहूं को अधिक दामों में बेच रहे हैं।

सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं तुलवाने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है। गेहूं लाने से पूर्व ऑनलाइन आवेदन करने के बाद टोकन भी ऑनलाइन ही प्राप्त करें। पहले आओ पहले तुलवा ओ की व्यवस्था की गई है।



ठाकुरद्वारा रतूपुरा रोड स्थित मंडी समिति में गेहूं खरीद करते कर्मचारी।

● **किसानों से संपर्क के बाद भी गेहूं खरीद नहीं बढ़ रही**

## महिला ने की पति को मुक्त कराने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव .रामूवाला गणेश निवासी नरगिस ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके दो बच्चे हैं उसका पति कोई कार्य नहीं करता है। खाने-पीने एवं खर्च के लिए पैसे मांगने पर वह उसके साथ मारपीट करता है।

24 अप्रैल की रात्रि करीब 11 बजे वह घर पर थी। इसी दौरान पति आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जिस पर उसने पति को घर से भगा दिया। पति उसी दिन से आज तक घर नहीं आया है। पति अपना फोन भी घर छोड़कर चला गया। पुलिस को दी तहरीर में कहा कि एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि मैं तुम्हारे पति इरशाद का दोस्त बोल रहा हूं उसने मुझसे 50,000 ले रखे हैं। वह मेरे कब्जे में है। अगर तू अपने पति को छुड़वाना चाहती है तो तू मेरे पास आजा। महिला ने पुलिस से कार्रवाई करते हुए पति को मुक्त कराने की मांग की है।



समर कैम्प में प्रतिभाग करते बच्चे।। ● अमृत विचार

# प्राथमिक विद्यालय मान नगर में आयोजित किया समर कैम्प

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा नेल पॉलिश की खाली शीशियों से छोटे-छोटे गुलदस्ते बनाए गए।

प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा नेल पॉलिश की खाली शीशियों से छोटे-छोटे गुलदस्ते बनाए गए। रंग-बिरंगे गुलदस्ते बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। बच्चों की प्रसन्नता देखने योग्य थी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भुवनेश कुमारी ने बताया कि समर कैंप का आयोजन उनके द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। इस तरह की गतिविधि करने का मुख्य कारण बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करना है। जिससे बच्चों में आकर्षण के साथ विद्यालय में ठहराव की स्थिति उत्पन्न होगी। प्रधानाचार्या भुवनेश कुमारी अपने विद्यालय को प्राइवेट की तर्ज पर चल रही है। बच्चों को कुछ नया करने के प्रति सदैव उत्साहित करती रहती हैं।

# गांव में पानी की निकासी रोकने पर एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** लगभग 50 वर्षों से गांव का पानी बंजर पड़ी भूमि पर जाता था, लेकिन गांव के ही व्यक्तियों द्वारा पानी निकासी रोकने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कांठ को ज्ञापन देकर गांव के पानी निकासी से संबंधित कार्रवाई की मांग की है।

कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर नजराना में लगभग 50 वर्षों से गांव का पानी गांव से पूर्व सरकारी नालियों में होकर गांव से बाहर चला जाता था लेकिन गांव के ही छत्रपाल पुत्र शोभाराम, चंद्रपाल ,संजय पुत्र छत्रपाल ने मिट्टी डालकर रास्ते पर निर्माण प्रारंभ कर दिया है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो वह लड़ाई झगड़े के लिए आमादा हो गया। सभी ग्रामीण एकत्रित होकर उप जिलाधिकारी कांठ विनय कुमार को ज्ञापन देकर पानी निकासी की मांग की है। ग्राम मल्हपुर नजराना के महेंद्र सिंह ने बताया कि गांव का पानी निकासी न होने के कारण सड़कों पर चल रहा है जिसके कारण कीड़े मच्छर आदि उत्पन्न होकर गांव में बीमारी फैल रही है। सभी ने छत्रपाल व उसके पुत्रों से मौखिक तौर पर भी अनुरोध किया था कि गांव के पानी को रोका न जाए। जब वह नहीं माना तो सभी गांव वाले इकट्ठे होकर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी से भेंट कर समस्या से अवगत कराया। उप जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही समस्या का निदान किया जाएगा । ज्ञापन देने वालों में महेंद्र सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह, राकेश कुमार, लोकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश सिंह ,विजयपाल सिंह आदि रहे हैं।

# गोशालाओं के लिए भूसा जुटा रहे लेखपाल

संवाददाता ठाकुरद्वारा ।

**अमृत विचार :** उप जिला अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र की गौशालाओं के लिए क्षेत्रीय लेखपालों ने अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर भूसा एकत्र करना शुरू कर दिया है । ताकि गोवंशीय पशुओं की अच्छे से देखभाल हो सके ।

उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने लेखपालों को निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर भूसा दान करने के लिए प्रोत्साहित करें । साथ ही निर्देश दिए कि ग्राम समाज की भूमि में हरा चारा की बुवाई कराएं । साथ ही पशुओं को हरा चारा खल चोकर अब भूसे की व्यवस्था सुनिश्चित करनी है ।

एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में करीब 6 गौशालाएं चल रही है। जिसमें क्षेत्र के गांव मस्तल्लीपुर, राघुवाला,रामूवाला सेखू , अब्दुल्लापुर लेदा, मुड़िया मोहद्दीनपुर, ईलर गांव में चल रही हैं। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान पहले से ही लगे हुए हैं । राशन विक्रेता गांव का एक जिम्मेदार व्यक्ति होता है, इसलिए सभी राशन डीलर अपनी जिम्मेदारी समझें और किसानों को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें । उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में भूसा बैंक स्थापित किए जा रहे हैं । जब गौशाला में भूसा की आवश्यकता होगी तभी गांव से मंगाया जाएगा । उन्होंने कहा कि सभी लोगअपनी जिम्मेदारी समझें और बड़े किसानों को इस कार्य के लिए प्रेरित करें ।

उप जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपालों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर भूसा एकत्र करने का कार्य शुरू कर दिया है । गौशालाओं के लिए 63000 क्विंटल भूसा एकत्र करना है । ताकि गौशाला में स्थित गोवंश को चारे की किल्लत का सामना न करना पड़े ।



ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक गांव में लेखपाल जनसंपर्क कर भूसा एकत्र कराते ।

## सिंचाई के लिए किसानों को नहीं मिल रही बिजली

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** अघोषित बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। किसानों को खेतों की सिंचाई करने के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। किसानों का आरोप है कि महंगा डीजल फूंककर वह अपनी फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं।

गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बिजली कटौती में भी इजाफा हुआ है। इसमें उपभोक्ताओं को अच्छी-खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि लो वोल्टेज होने के कारण नलकूप चलाने में दिक्कत हो रही है। इससे फसलों की सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है।

महंगा डीजल फूंकने के बाद भी किसान अपनी फसलों को सूखने से नहीं बचा पा रहा है। क्षेत्र के किसानों ने बिजली कटौती, लो वोल्टेज, फाल्ट, की समस्या के समाधान करवाने की मांग की है।

**कार्यक्रम** एसबीएस हायर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता संपन्न

# प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को दिए मेडल

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर में हाथीपुर गांव स्थित एसबीएस हायर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता के बच्चों को मेडल देकर किया सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें सत्र 2023 24 में इंटर हाउस वालीबाल क्रिकेट खो-खो रेले रेस, सिंपल रेस, कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था । जिसमें बालिका वर्ग और बालक वर्ग ने अलग-अलग भाग लिया था ।

इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में ऐमरैल्ड हाउस प्रथम रहा । जिसमें कक्षा 9 की दृष्टि पलक, जमन,जेहरा, सारिका, ल ईक यूसरा,ने भाग लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सफायर हाउस प्रथम रहा। जिसमें कक्षा 11 के उत्कर्ष रस्तोगी, सार्थक चौधरी, पवन, गर्व शुभम ,श्री वंश ,अनमोल ,और मोहम्मद हमजा ने भाग लिया। इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में रूवी हाउस प्रथम रहा ,जिसमें जूबिया सैफी कक्षा 11,मान्य सिंह, कक्षा 9 आकांक्षा चौधरी कक्षा 8 कक्षा 9 की खदीजा ,फातिमा और सोफिया ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने एवं विद्यालय प्रबंधक राजीव सहाय ने संयुक्त रूप से विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। विजेता हाउस की वार्डेन और ट्यूटर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सभी बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



स्कूल में बच्चों को मेडल देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक।

## प्रतापपुर के छह छात्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर गढ़ूवाला के 6 विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राएं खासे उत्साहित हैं।

विद्यालय के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसमें प्रियांशी पुत्री दयाराम सिंह रैंक 25, दीक्षा पुत्री सत्य प्रकाश सिंह रैंक 36 , कामिनी पुत्री पूरन सिंह रैंक 39, फरदीन पुत्र हसमुद्दीन रैंक 39, फरा पुत्री हसमुद्दीन रैंक 48, सलौनी पुत्री कृष्ण पाल सिंह ने रैंक 49 हासिल किया है। इन छात्रों की उपलब्धि से परिवारों और उनके परिचितों में खुशी है। देर शाम तक उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा।

# पति से अनबन होने पर फंदे पर झूली महिला की मौत

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** गांव गुलरिया माफी में पति से अनबन होने पर विवाहित फंदे पर झूल गई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। गांव निवासी नासिर की अब से तीन वर्ष पहले महविश के साथ शादी हुई थी। शादी के समय से ही दंपति वैवाहिक जीवन से खुश नहीं थे।

आए दिन दोनों में छोटी-मोटी बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था। इसी बीच विवाहिता ने एक बच्चे को जन्म दे दिया। शुक्रवार की दोपहर किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इससे आहत होकर युवती कमरे में जाकर बिजली के पंखे में फंदा डालकर लटक गई। जिससे विवाहिता की मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मायके वाले रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। थाना डिलारी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

### मारपीट कर तीन माह के पुत्र को ले गया पति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ससुराल में महिला को प्रताड़ित किया तो वह मायके चली गई, लेकिन पति ने ससुराल पहुंचकर पत्नी को मारपीट कर तीन माह के पुत्र को उठाकर ले गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के ग्राम गढ़ूवाला निवासी विशाखा पत्नी राकेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पति व ससुराल के सदस्य उसके साथ मारपीट करते हैं। तंग आकर वह ग्राम असलेमपुर में अपने मायके में चली आई।

## सार-संक्षेप



जनसम्पर्क करती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### विद्यालय में नामांकन बढ़ाने को किया जनसम्पर्क

**कांठ, अमृत विचार :** नये सत्र की शुरुआत होने के साथ बच्चों के प्रवेश बढ़ाने हेतु डायट परिसर में स्थित कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों ने घर-घर जाकर संपर्क किया। नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। जिसके चलते डायट परिसर में स्थित कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय में प्रवेश बढ़ाने हेतु घर-घर जाकर संपर्क किया तथा नामांकित बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका शाहिदा खातून, राधा रानी, शिवाली, तरीका, ह्रदेश कुमारी, निशा आदि उपस्थित रहे।

### दो शादियों में जमकर चले लाठी-डंडे, भगदड़

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में दो शादियों के दौरान घराती व बरातियों में जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान बारात में भगदड़ मच गई। बाद में संभ्रांत लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव लाल वाला पीपलसाना से कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में देर शाम सलामी की रस्म के दौरान घराती व बरातियों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना देखते हुए बरतियों और घरातियों में भगदड़ मच गई। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर हंगामा किया। लेकिन गांव के कुछ संभ्रांत लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर किसी तरह मामला शांत कर दुल्हन को विदा किया। वहीं क्षेत्र के गांव करनेवाला में बरात में खाने के दौरान किसी बात को लेकर मारपीट हो गई । मारपीट के मारपीट के दौरान हड़कंप मच गया। किसी तरह दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत किया गया। किसी भी पक्ष द्वारा कोतवाली पुलिस को कानूनी कार्यवाही की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।

### गेहूं क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे किसान

**कांठ, अमृत विचार :** किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदने के लिए अधिकारियों की रुचि कम देखने को मिल रही है। न तो किसान ही गेहूं बेचने के लिए पहुंच रहे हैं और न ही इसके लिए जिम्मेदारों के द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं। कांठ तहसील क्षेत्र में इस बार रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गेहूं खरीद के लिए सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें उपमंडी समिति में तीन मोड़ी हजरतपुर, फूलपुर मिठनपुर, रायपुर खुर्द, चौहान नंबर 3, कुचावली, फतेहपुर विश्नोई में खरीद केंद्र खोला गया है। 1 अप्रैल से इन सभी क्रय केंद्रों का संचालन भी किया गया था। कुछ क्रय केंद्रों पर किसानों ने अपना गेहूं विक्रय किया है। परंतु ज्यादातर केंद्रों पर सन्नाटा छाया हुआ है। इस बार गेहूं खरीदने के लिए सहकारिता विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे हैं। वर्तमान में सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है।



खाली पड़े गेंहू क्रय केंद्र। ● अमृत विचार

### धड़ल्ले से बिक्री की जा रही पॉलीथिन से बनी वस्तुएं

**कांठ/छजलैट , अमृत विचार :** भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन से बनी वस्तुएं धड़ल्ले से बाजारों में बिक्री की जा रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से जनजीवन के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। भारत सरकार ने पॉलीथिन से बने बैग, थैलियां, कप, प्लेट, छोटी बोतल एवं पॉलीथिन में पैक गुटके, तंबाकू आदि पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठकर गोष्ठी कर नागरिकों को जागरूक भी किया था। नगर पंचायत कार्यालय एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मात्र सब्जी विक्रेता एवं छोटे दुकानदारों के यहां से सामग्री जब्त कर कुछ लोगों का आर्थिक दंड भी दिया था। कूड़े के ढेर एवं नाले नालियों में प्रतिबंधित पॉलीथिन से बनी हुई वस्तुएं पाई जाती हैं। दुकानों पर धड़ल्ले से यह सामग्री बिक्री की जा रही है। यहां काफी समय से इस संबंध में प्रशासन एवं नगर पंचायत में कोई भी कदम नहीं उठाया है। क्षेत्र में प्रतिबंधित सामग्री बाजार में बिक्री रोकने के लिए सभी प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं।



नहर में घट रहा पानी। ● अमृत विचार

### नहर में पानी छोड़ने की क्षेत्र के किसानों ने उठाई आवाज

**कांठ, अमृत विचार :** समय से नहर में पानी नहीं आने के कारण किसान काफी परेशान रहते हैं और बार-बार आवाज उठाते हैं कि नहर में समय से पानी छोड़ा जाए। लेकिन नहरवाई के अधिकारी जब पानी छोड़ते हैं तो फसल खराब हो जाती है। कांठ तहसील क्षेत्र में रजवाहा नहर का पानी हजारों एकड़ भूमि की भरपाई करता है। लेकिन समय से नहर में पानी न छोड़ने के कारण किसान काफी परेशान हैं। क्षेत्र के किसानों को इस समय पानी की बहुत ही आवश्यकता है। ग्राम मुख्तयारपुर नवादा निवासी मुनिराज सिंह का कहना है कि इस समय कॉफी गर्मी पड़ रही है और गन्ने को हर सप्ताह पानी की आवश्यकता है। उधर किसानों के गेहूं काटकर गन्ने की बुवाई करनी है। नहर में पानी ने आने से किसान काफी परेशान हैं और प्रतीक्षा कर रहे हैं कि कब नहर में पानी आए और फसलों को पानी दिया जा सके। कांठ निवासी सतपाल सिंह का कहना है कि गन्ने की फसल सूख रही है और कई बार नहरवाई के अधिकारियों को सूचना दी गई लेकिन अभी तक नहर मे पानी नहीं छोड़ा गया है। क्षेत्र के किसानों ने शीघ्र ही नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। मांग करने वालों में सचिन बिश्नोई, देवराज सिंह ,धर्मवीर सिंह ,राजवीर सिंह, शकील अहमद, छोटेलाल ,राज पाल सिह ,दिलावर सिंह ,प्रदीप कुमार ,धर्मवीर ,श्री ओम सिंह, रामकिशोर आदि रहे।



प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

### आशाओं को दिया आभा कार्ड बनाने का प्रशिक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में आशाओं को आभा आईडी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। नियमित टीकाकरण लगातार करने के निर्देश सभी आशाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव चौधरी ने दिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी ने कहा कि सभी आशाएं अपने-अपने क्षेत्र में जाकर आभा आईडी बनाकर सर्वे करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन आशाओं की आवाज आईडी कम होगी, उनका मानदेय रोक दिया जाएगा। उन्होंने सभी आशाओं को मेहनत लगन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने कहा कि सभी आशाएं इस बात का ध्यान रखें कि नियमित टीकाकरण शत प्रतिशत होना चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर सुरजीत सिंह, यूनिसेफ से परवेज आलम, अंशु, सीपीएम सैयद यासिर अली सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो पशु तस्कर घायल

## फिरोजपुर गांव के निकट जंगल में आधी रात को हुआ पुलिस का तस्करों से सामना, दो गिरफ्तार, दो फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को आधी रात के बाद उस समय गोवंशीय पशु तस्करों से आमना सामना हो गया जब तस्कर फिरोजपुर गांव के जंगल में गोवंशीय पशु का वध करने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी की तो तस्करों ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में दो पशु तस्कर गोली लगने से घायल हो गये। घायल तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया जबकि उनके दो साथी भागने में कामयाब हो गये।

एक सप्ताह पहले पशु तस्करों ने भाजपा नेता की गाय चुराकर उसका जंगल में वध कर दिया था। इसके बाद एक छुट्टा गोवंशीय पशु की हत्या कर मांस ले जाने का मामला भी सामने आया था। इन घटनाओं के बाद पुलिस पशु तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रही थी। पुख्ता सूचना के बाद कोतवाल पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम फिरोजपुर गांव के जंगल में गश्त पर थी। इसी दौरान जंगल में एक कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस थोड़ा नजदीक पहुंची तो देखा कि कुछ लोग गोवंशीय पशु का वध करने की तैयारी कर रहे थे। पशु को बांधकर जमीन पर गिरा रखा था। पुलिस ने घेराबंदी कर टोका तो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो पशु तस्कर गोली लगने से घायल हो गये। इसके बाद उनके दो साथी भाग निकले। पुलिस ने घायल हुए तस्करों को दबोच लिया और जीवित गोवंशीय पशु को भी बरामद कर लिया। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर जानकारी लेते एएसपी उत्तरी श्रीशचंद्र। ● अमृत विचार


तस्करों से छुड़ाये गये गोवंशीय पशु को लेकर जाते सीओ व अन्य। ● अमृत विचार

- जंगल में गोवंशीय पशु का वध करने की कर रहे थे तैयारी, जीवित गोवंशीय पशु बरामद

### कबूली गोवध की वारदात, कार व हथियार बरामद

**संभल।** सीओ सदर अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि गोली लगने से घायल पशु तस्करों की पहचान शाहनवाज व आदिल बख्तियार उर्फ बब्बू निवासी सैफ खां सराय के रूप में हुई है। दोनों बदमाशों ने 19 अप्रैल की रात को फिरोजपुर गांव के जंगल में प्रतिबंधित पशु का वध करने की घटना को अंजाम देने की बात कबूली है। पुलिस ने पशु तस्करों के पास से कार, हथियार व पशुवध के उपकरण बरामद किए हैं। इसके साथ ही जिस प्रतिबंधित पशु का वध करने का प्रयास कर रहे थे उसे जिंदा बरामद कर लिया गया है।

### फरार तस्करों की तलाश में कांबिंग, पहुंचे अफसर

**संभल।** कोतवाली क्षेत्र में फिरोजपुर गांव के निकट पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ की सूचना मिलने पर सीओ अनुज कुमार चौधरी के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीशचंद्र भी मौके पर पहुंच गये। आसपास के थानों की पुलिस को भी बुला लिया गया। पुलिस ने फरार हुए दो तस्करों की धरपकड़ के लिए घंटों तक जंगल में कांबिंग की। लेकिन वे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े।

## एक नजर

### गांव के व्यक्ति पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव ढिलूपुरा निवासी मुबारिक की पत्नी शबनम ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव का एक व्यक्ति अपने बीमार पिता के साथ मारपीट कर रहा था। आरोप है कि इस बात का विरोध करने पर व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर शबनम को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर मुबारिक घर पहुंचा तो व्यक्ति धमकी देते हुए भाग गया। शबनम ने मामले में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### दो पक्षों की मारपीट में दंपती घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी तौफीक मिट्टी के बर्तन बनाकर बेचता है। शुक्रवार को घर के पास धूप में सूख रहे मिट्टी के बर्तनों को मोनिश की बकरी ने तोड़ दिया। इसी बात को लेकर तौफीक व उसकी पत्नी आसिया और मोनिश के बीच गाली गलौज होने लगी। जिसके बाद मोनिश के अन्य परिजन भी आ गए और मारपीट होने लगी। जिसमें तौफीक व आसिया घायल हो गए। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर तहरीर दी।

### परिजनों से कहासुनी पर युवक ने पीया कीटनाशक

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शुक्रवार को किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी हो गई। जिसके बाद परिजन अपने काम में लग गए और युवक ने घर में रखा कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे युवक की हालत बिगड़ने लगी। कीटनाशक पीने की जानकारी होने पर परिजन आनन फानन में युवक को लेकर संभल आ गए और उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि युवक की हालत में सुधार है।

### आज किया जाएगा छात्राओं को सम्मानित

**संभल, अमृत विचार :** शहर के नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रबंधक की ओर से शनिवार को छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कालेज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# 47 लाख की नकदी, 49 लाख की शराब जब्त

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रलोभन व धनबल रोकने को लेकर जनपद में काम कर रही एफएसटी व एसएसटी टीमों ने अब तक 47 लाख की नकदी बरामद की है। वहीं 49 लाख की कीमत की 18 हजार लीटर अवैध शराब व लाहन बरामद किया गया है। जिला प्रशासन अब भी लगातार बड़ी कार्रवाई करने में जुटा हुआ है।

संभल लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्षता के साथ कराई जाने तथा प्रलोभन पर धनबल को रोकने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर एफएसटी व एसएसटी टीमों गठन किया गया। टीमों ने आचार संहिता लगते ही वाहनों का चेकिंग अभियान प्रारंभ कर दिया। चुनाव में किसी प्रकार का प्रलोभन देकर या धनबल का प्रयोग वोट के लिए न हो इसके लिए कार्य प्रारंभ हो गया। अब तक इन टीमों ने जहां 47 लाख की नगदी वाहनों से ले जाते समय बरामद की है तो अवैध शराब प्रयोग को रोकने को लेकर भी थानों की पुलिस व इन टीमों ने 49 लाख कीमत की 18 हजार लीटर अवैध शराब व लाहन बरामद किया है। चार लाख कीमत का चरस गांजा भी बरामद किया गया है।

### सबसे अधिक गुन्नौर तो सबसे कम चंदौसी की टीमों ने की है कार्रवाई, बड़ी कार्रवाई करने में जुटा प्रशासन

**बहजोई।** जनपद के गुन्नौर में नरोरा बॉर्डर पर काम करने वाली रामलाल यादव के नेतृत्व वाली टीम ने अब तक 16लाख 83 हजार की नगदी बरामद की है। वहीं असमोली विधानसभा में गुरदयाल सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने 5 लाख 43 हजार 80 रुपये, असमोली की ही दूसरी गिरीश चंद्र के नेतृत्व वाली टीम ने 5 लाख, रवि प्रकाश की टीम ने 4 लाख 50 हजार जबकि चंदौसी की टीम ने 3 लाख 90 हजार की नकदी बरामद की है। अन्य टीमों ने भी कार्रवाई की है

**धनबल पर प्रहार**

- एफएसटी व एसएसटी टीमों की कार्रवाई में जनपद में हुई बरामदगी की
- 47 लाख नगदी तो 49 लाख की अवैध शराब को किया बरामद

### मतदान होने तक जारी रहेगी कार्रवाई

**बहजोई।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि एफएसटी व एसएसटी टीमों पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं। धनबल व प्रलोभन को रोकने के लिए यह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। टीमों ने अब तक 47 लाख की नगदी बरामद की है। तो वहीं 49 लाख की अवैध शराब को भी बरामद किया गया है।

# अतिक्रमण से सिकुड़ी सड़कें जाम लगने से लोगों को दिक्कत

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** नगर गली, मोहल्ले से लेकर चौक- चौराहे तक अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर में अतिक्रमण पैर पसार रहा है। चंदौसी रोड पर तो अतिक्रमण की हद पार हो चुकी है। यहां बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेताओं के गोदामों के आगे सड़क तक रोड़ी- बदरपुर के तमाम ढेर लगे हैं। जिस वजह से आगरा - मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने पर अक्सर जाम लग जाता है। इसके बाद भी नगर पंचायत सीधे तौर पर दखल देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत गांधी ने चंदौसी रोड पर सीपीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने स्थित स्टेट बैंक के बाहर लगे जनरेटर से लोगों को हो रही परेशानी का हवाला देते हुए पोर्टल जनसुनवाई पर शिकायत अपलोड की है। इस बाबत स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक उमेश राजपूत ने बताया कि जनरेटर बैंक का नहीं है, ठेकेदार ने लगाया है। वहीं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने कहा कि उन्हें शिकायत नहीं मिली है। अतिक्रमण है तो शीघ्र ही हटवा दिया जाएगा।


सड़क पर रखे जनरेटर व रेत के ढेर से संकरी हुई सड़क। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### हाइड्रोफोबिया से मजदूर की मौत, मचा कोहराम

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में तीन माह पहले कुत्ते के काटने से हाइड्रोफोबिया का शिकार मजदूर की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए मजदूर का शव सुपुर्दे खाक कर दिया। मजदूर ने रेबीज की एक डोज लगवाने के बाद अपना इलाज नहीं कराया था। थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी मजदूर जफीर 45 वर्ष को फरवरी माह में मुहल्ला में ही आवारा कुत्ते ने काट लिया था। जख्मी होने के बाद जफीर ने जिला अस्पताल पहुंचकर रेबीज की एक डोज लगवाई थी। इसके बाद जफीर ने अपना कुत्ते काटने का इलाज नहीं कराया। जिसकी वजह से जफीर दो दिन पहले हाइड्रोफोबिया का शिकार हो गया और पानी को देखकर डरने लगा। शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर परिजन जफीर को ई रिक्शा से उपचार कराने के लिए लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने जफीर को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए और बिना पुलिस को सूचना दिए जफीर का शव सुपुर्दे खाक कर दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में दंपती घायल, बाल-बाल बची मासूम

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में गांव सिंहपुरसानी पाली मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में दंपती घायल हो गए। गनीमत रही की तीन साल की बच्ची बाल–बाल बच गई। आसपास के लोगों ने दंपती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया। ऐचोड़ा कंबोह निवासी मोहम्मद सालिम शुक्रवार को अपनी पत्नी हैरुन की दवा दिलाकर तीन वर्ष की बेटी इजबा के साथ बाइक से घर जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में सिंहपुरसानी से गांव पाली जाने वाले रास्ते पर स्थित गन्ने के क्रेशर के पास पहुंचा। सामने से दूसरी बाइक ने मोहम्मद सालिम की बाइक में टक्कर मार दी और बाइक लेकर चालक भाग गया। इस हादसे में मोहम्मद सालिम, हैरुन घायल हो गई। जबकि इजबा बाल–बाल बच गई। आसपास के लोगों ने घायल दंपती को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर मोहम्मद सालिम व हैरुन को रेफर कर दिया।


मतदान की शपथ दिलाती संगीता भार्गव। ● अमृत विचार

### शिक्षकों व विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट काउंसलर संगीता भार्गव ने शिक्षकों व छात्र–छात्राओं को सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान कक्षा 9 से 12 तक के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र–छात्राओं को बताया कि जो 18 वर्ष आयु के हो चुके हैं और मतदान का अधिकार रखते हैं। वह अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेदभाव के अपनी निर्वाचन अधिकारों का प्रयोग करें और अपने घर व पास पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में प्रधानाचर्य भूपेश शास्त्री, शरद शर्मा, विनोद, मिथलेश, आमोद, रोहिताश आदि रहे।

### अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें मतदान कार्मिक

**बहजोई, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कार्मिक बूथ, शक्ति व पिंक बूथ एवं नवनियुक्त कार्मिक बूथ की तैयारियों को लेकर मतदान कार्मिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मतदान कार्मिकों के दायित्व को लेकर विस्तार से बताया गया। वहीं अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी से किए जाने के सीडीओ ने निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में भूमि संरक्षण अधिकारी ओमकार सिंह द्वारा कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि दृष्टिबाधित और दिव्यांग मतदाताओं का मतदान कैसे करवाया जाएगा। प्रारुप 14क , निर्वाचक की अपनी आयु के विषय में घोषणा, अनुलग्नक 15, मतदाता का मत न देने का निर्णय, मतदाता रजिस्टर 17क , मतदान समाप्ति से पहले एवं बाद के निर्देश, मतदान सामग्री, माक पोल, टेंडर वोट, चैलेंज वोट आदि के विषय में विस्तार से बताया। सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने मतदान कार्मिकों से कहा कि अपनी चुनावी डयूटी को तन्मयता से निभाएं ताकि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा पारदर्शिता पूर्ण सम्पन्न हो सके। प्रशिक्षण पूरी परिपक्वता के साथ प्राप्त करें जिससे मतदान के दिन कोई समस्या न आए। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, आईटीआई प्रधानाचार्य चंदौसी एसके वार्ष्णेय व मतदान कार्मिक मौजूद रहे।


छात्रा के साथ डीआईओएस व अन्य शिक्षक। ● अमृत विचार

### डीआईओएस ने छात्रा अंशिका पाल का बढ़ाया मनोबल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम ने शुक्रवार को बनियाठेर के गांव गुमथल स्थित बली मोहम्मद सेवक समाज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूपी बोर्ड हाईस्कूल की छात्रा अंशिका पाल का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। अंशिका पाल ने 93 .16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद की टॉपटेन सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर कथा श्रवण को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सती प्रसंग सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा वाचक वीरेश रामायणी ने भगवान श्री राम के नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में केवल राम का सहारा ही लेना चाहिए। कहा कि जो भगवान राम पर शंका करता है उसे सती के चरित्र से शिक्षा लेनी चाहिए। कथा वाचक ने सती प्रसंग व शिव–पार्वती विवाह का मनोहारी वर्णन किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शरद अग्रवाल, भारतीय अग्रवाल, शुभांगी अग्रवाल, विशाल सिंघल, गरिमा सिंघल, अक्षिता, विपिन अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, सोम प्रकाश, ओमप्रकाश, अखिलेश शास्त्री, प्रदीप कुमार, लवकुश, जयशंकर दुबे आदि थे।


रामकथा सुनाते कथा वाचक वीरेश रामायणी।

### देवर पर लगाया मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी अनीस की पत्नी शबीना ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि पति अनीस अहमदाबाद में रहकर काम करते हैं। शबीना घर पर अपने बच्चों के साथ रहती है। आरोप है कि बच्चों के विवाद में कहासुनी होने के बाद शबीना के देवर ने मारपीट करते हुए उसे चोटिल कर दिया।

# खर्च का प्रथम लेखा मिलान नहीं कराने पर 4 प्रत्याशियों को नोटिस

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक के मिस्त्री ने लोकसभा चुनाव में उतरे 8 प्रत्याशियों का प्रथम लेखा मिलान किया। चार प्रत्याशियों ने अपना लेखा मिलान नहीं कराया। जिस पर उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में व्यय प्रेक्षक के. मिस्त्री ने 12 प्रत्याशियों के खर्च के प्रथम लेखा मिलान को लेकर उन्होंने बुलाया था। इस पर भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी, बसपा के सौलत अली व सपा के जियाउर्रहमान सहित 8 प्रत्याशियों ने अपने खर्च का प्रथम लेखा मिलान कराया।

जिसमें भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी सबसे ज्यादा खर्चीले प्रत्याशी के रूप में सामने आए। वहीं जनता शासन पार्टी के प्रत्याशी जयगमुल इस्लाम, किसान क्रांति दल के संतोष, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद वसीम व तौफीक अहमद खर्च का अपना प्रथम लेखा मिलान करने नहीं पहुंचे।

जिस पर व्यय प्रेक्षक चारों प्रत्याशियों को नोटिस जारी किए हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय ने बताया कि चार प्रत्याशियों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने अपना प्रथम लेखा मिलान नहीं कराया है।

**कार्रवाई**

- आठ प्रत्याशियों ने कराया खर्च का प्रथम लेखा मिलान
- भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी सबसे ज्यादा खर्चीले प्रत्याशी

### थ्रेशर की चपेट में आकर ग्रामीण का हाथ जख्मी

**संभल, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में गेहूं फसल की गहाई करते समय थ्रेशर मशीन के अंदर लगे लोहे के ब्लेड की चपेट में ग्रामीण के हाथ का जख्मी हो गया। परिजनों ने आनन फानन में ग्रामीण को उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछोली निवासी रजा शुक्रवार को ट्रैक्टर व थ्रेशर मशीन लेकर परिजनों के साथ अपने खेत में रखी गेहूं फसल की गहाई करने गया था। थ्रेशर मशीन में गेहूं का बंडल घुसाते समय रजा का हाथ भी अंदर चला गया और थ्रेशर मशीन के अंदर लगे लोहे के ब्लेड की चपेट में आकर रजा का हाथ जख्मी हो गया। जिससे रजा की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर परिजनों ने ट्रैक्टर बंद कर थ्रेशर मशीन को रोका। परिजनों ने थ्रेशर मशीन से हाथ बाहर निकालकर रजा को आनन फानन में संभल लाकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# चलती कार बनी आग का गोला, चालक झुलसा

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचारः** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गांव भवालपुर बांसली मार्ग पर शॉर्ट सर्किट होने से चलती कार में आग लग गई। चालक भी कार की आग में झुलस गया। उसने किसी तरह खिड़की खोलकर जान बचाई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दमकल ने पानी डालकर कार की आग को बुझाया। लेकिन तक तक कार व उसमें रखी नकदी और किराना का सामान जलकर बर्बाद हो गया।

अमरोहा जिले के गांव त्रिलोकपुर निवासी संजय गुप्ता का ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भवालपुर बांसली चौराहे पर किराना स्टोर हैं। संजय गुप्ता कार से किराना स्टोर से कार में सामान लादकर आसपास के क्षेत्र में स्थित दुकानों पर भी पहुंचाते हैं।

शुक्रवार को संजय गुप्ता किराना का सामान पहुंचाने कार से गांव भवालपुर बांसली व ऐचोड़ा कंबोह मार्ग पर आ रहे थे। गांव सतूपुरा के पास पहुंचते ही कार में अचानक से शॉर्ट सर्किट हो गया। जिससे कार में आग लग गई। इससे पहले खिड़की खोलकर संजय गुप्ता कार से बाहर निकल पाते। आग की चपेट में आकर वह झुलस गए।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग को बुझाया, लेकिन कार व उसमें रखी नकदी व किराना का सामान जलकर बर्बाद हो गया। संजय गुप्ता ने थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।


कार की आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

**हादसा**

- कार में रखी नकदी और किराना का सामान जलकर बर्बाद
- फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाया

# हत्यारों की गिरफ्तारी न होने व हिस्ट्रीशीटर के धमकाने पर परिवार ने किया पलायन

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के कैल मुंडी गांव में ग्रामीण की गोली लगने से मौत के मामले में पुलिस 25 दिन बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। मृतक के परिवार ने नामजद हिस्ट्रीशीटर पर धमकाने का आरोप लगाकर शुक्रवार को गांव से पलायन कर दिया।

कैलमुंडी गांव निवासी मनोज कुमार की दो अप्रैल की रात को उसके घर पर ही गोली लगने से मौत हुई थी। मृतक के भाई बब्लू ने हिस्ट्रीशीटर अवधेश समेत चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। बब्लू का कहना था कि अवधेश दिन में धमकी देकर गया था कि रात को मनोज की हत्या कर देगा। इसके बाद रात को उसने साथियों के साथ आकर मनोज की गोली मारकर हत्या कर दी।

कैला देवी घटना के 25 दिन बाद भी न तो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पाई है और न ही हत्या या मौत की कोई दूसरी वजह खोज पाई है। इस बीच शुक्रवार को मनोज के परिवार के लोग ट्रक में अपना सामान लादकर गांव से पलायन कर गये।

प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने कहा कि परिवार के लोग दबाव बनाकर जांच प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस सही दिशा में जांच कर रही है। परिवार के लोगों को भी यह बात समझाई गई है।


अपना सामान भरकर पलायन करते परिवार के लोग। ● अमृत विचार

- कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में दो अप्रैल की रात को हुई थी ग्रामीण की हत्या

### छात्रवृति परीक्षा में चंदावली के सात बच्चों का चयन

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चंदावली इंटर कॉलेज चंदावली के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कामयाबी पाई है।

स्कूल के सात विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर छात्रवृति का हक पाया है। विद्यालय की प्रबंधक अंशु रानी ने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ कामयाबी पाई है बल्कि सभी पचास से नीचे की रैंक के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय की छात्रा कनिका 13 रैंक के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है। इसके अलावा पवन 19 वीं रैंक, यतिन चीमा 22 वीं रैंक, अंजलि 27 वीं रैंक, अमित 31 वीं रैंक, विनीत कुमार 33 वीं रैंक जबकि निखिल 36 रैंक के साथ राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्म कथा सुनकर भक्तों ने लगाए जयकारे

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत चरित सप्ताह कथा महोत्सव के पांचवे दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्म व उनकी लीलाओं और छप्पन भोग व गोबर्धन पर्वत की पूजा का व्यास जी ने प्रसंग सुनाया। व्यास जी श्रीकृष्ण के जन्म बधाई गीत गाए तो भक्तों ने जयकारें लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

संभल के यशोदा चौराहे के पास स्थित आरके पैलेस परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत चरित सप्ताह कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के पांचवे दिन व्यास आचार्य गोपाल भइया ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। व्यास जी श्रीकृष्ण जन्म पर बधाई गीत सुनाए तो भक्त झूमने को मजबूर हो गए। जिसके बाद व्यास जी ने माखन चोरी और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। जिसे बड़े चाव से सुनकर भक्तों ने ताली बजाकर श्रीकृष्ण व राधा रानी नाम के जयकारे लगाए। जिससे पांडाल श्रीकृष्ण की भक्ति के रंग में रंग गया। पांचवे दिवस की कथा का समापन भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाकर और गोवर्धन पर्वत की पूजा कर किया गया। इस दौरान डॉ. विनीत गुप्ता, डॉ. सुनीता गुप्ता, विनय गुप्ता, सुषमा गुप्ता, अजय गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, अतुल गुप्ता, रुचि गुप्ता, समीर गुप्ता, शिवानी गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**भक्ति**

- श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया
- पांचवे दिन की कथा का समापन छप्पन भोग लगाकर किया

**नोटिस**

न्यायालय सिविल जज (जू० डि०) नजीबाबाद, बिजनौर
वाद संख्या 63/23
नसीमा बेवा हबीब अहमद नि० मौ० लाडपुरा कस्बा व परगना, किरतपुर
बनाम
1. मौहम्मदी बेवा हबीव अहमद 2. अ० रहमान 3. आमीन हसन 4. आस मौहम्मद 5. सैफुर रहमान 6. नवाब शरीफ, पुत्रगण हबीव अहमद निवासी मौ० लाडपुरा कस्बा किरतपुर तह० नजीबाबाद। चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि, अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतू संदर्शित करने के लिए 2024 के 5 माह के दिवस 7 (07/05/2024) को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रुपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से खोला जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2024 के 4 माह के दिवस 25 को निकाली गई।
प्रबन्धक (कार्यालय सिविल जज जू० डि० नजीबाबाद)

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी–गरमी, अमीरी–गरीबी, प्रेम–धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।

## संपादकीय

# चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

# जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

## प्रसंगवश

# अद्वैत दर्शन के प्रणेता



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

# जेल में मुलाकात का एक दिन



अमिता शरीन
प्रयागराज

खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

## सोशल फोरम

# बेचने की कला



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

-फेसबुक वॉल से

# विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

# मां की सीख



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

## पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

# कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा
# मिटी दिलों की दूरी



**पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

### असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3–3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दरांग–उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

### त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

### असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35 .40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36 .05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35 .44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

### किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक–एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**36.05 %**
2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

**35.44 %**
वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

**7.8 %**
वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को


किरन रिजिजू।


गौरव गोगोई।


अगाथा संगमा।

**25**
पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

**19**
एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

### कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

### मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

### मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

### सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिकिक्म में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी

- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।



## हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार


राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।


वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दरांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।


युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरू में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

## दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

**पटना।** पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

## लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व



यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र–छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

**बिलासपुर संसदीय सीट** | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

# बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।



### आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

### आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

**2009 में दलों का मत प्रतिशत**




**2014 में दलों का वोट शेयर**




**2019 में दलों का वोट शेयर**




**फतेहपुर सीकरी 2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजकुमार चाहर | 6,67,147 |
| कांग्रेस | राज बब्बर | 1,72,082 |
| बसपा | श्रीभगवान शर्मा | 1,68,043 |

**10** प्रत्याशी इस बार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं

**फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट**

# यहां जीत का मंत्र वोट बैंक बुलंद

- पिछली बार करीब पांच लाख वोटों से जीतने वाले भाजपा सांसद के सामने इस बार सजातीय मतों और समर्थकों को साधने की कठिन चुनौती
- बसपा ने ब्राह्मण और कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारकर मुकाबला बनाया रोचक, भाजपा विधायक के पुत्र ने बागी के रूप में ठोंकी रखी है ताल



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** फतेहपुर सीकरी का नाम आते ही बुलंद दरवाजा याद आता है। 2008 में हुए परिसीमन के बाद आगरा से निकल कर बना फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र प्रमुख पर्यटक स्थल है। यहां स्थित बुलंद दरवाजा, जामा मस्जिद, सलीम चिश्ती का मकबरा और जोधा बाई के महल को देखने हर रोज देश -दुनिया से तमाम सैलानी आते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की जीत भी बुलंद दरवाजे जैसी ही बड़ी थी। वह 4.95 लाख वोटों से जीते थे। इससे पहले 2009 में यहां हुए पहले चुनाव में जाटव और मुस्लिम मतों के साथ ब्राह्मण मतदाताओं का समीकरण बनकर बसपा की सीमा उपाध्याय सांसद बनी थीं। उनके मुकाबले में उतरे सिने स्टार रहे कांग्रेस प्रत्याशी को हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि राजबब्बर बहुत कम वोटों से हारे थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अपने सासंद राजकुमार चाहर पर ही फिर से भरोसा जताया है। बसपा ने एक बार फिर 2009 वाला दांव चला है। पार्टी ने जीत का आजमाया फार्मूला दोहराते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी राम निवास शर्मा को मैदान में उतारा है। ऐसे में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता बाहुल्य मानी जाने वाली इस सीट पर कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी के रूप में रामनाथ सिकरवार को उतारकर यहां लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। अब भाजपा से जाट, बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी के बीच जातीय समीकरणों के हिसाब से गोलबंदी और सेंधमारी की कोशिशें तेज हो गई हैं।

फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर अभी तक दो बार ही लोकसभा चुनाव वर्ष 2009 और 2014 में हुए हैं। इनमें पहली बार बहुजन समाज पार्टी और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी थी। लेकिन पिछली बार रिकार्ड मतों से जीतने वाले भाजपा सांसद और किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार चाहर के सामने इस बार सबसे बड़ी चुनौती अपने जाट समुदाय को ही एकजुट रखने की आ रही है। इसकी वजह यह है कि उनके खिलाफ जाट समुदाय के ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर सिंह ने पहले मोर्चा खोला फिर भाजपा विद्रोही के रूप में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन करा दिया। पहले माना जा रहा था कि आखिरी वक्त तक रामेश्वर का नामांकन वापस करा लिया जाएगा लेकिन जब इसमें सफलता नहीं मिल पाई तो भाजपा के बड़े नेताओं का दबाव पड़ा। बताते हैं चौधरी बाबूलाल को नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया था। अब कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बगावत के बाद विधायक और उनके पुत्र को मना लिया गया है। अब इस बगावत और मान-मन्नौवल में बात कितनी बनी है, इसका पता तो अगले दो-तीन दिन में चलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम से भाजपा प्रत्याशी के चुनावी अभियान में ऐसा डेंट लग गया है, जिससे फतेहपुर सीकरी का चुनावी संग्राम रोचक हो गया है।

**मतदाताओं का अनुमानित जातीय आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 2.90 लाख |
| जाट | 2.40 लाख |
| क्षत्रिय | 2.95 लाख |
| जाटव | 2.0 लाख |
| लोधी | 1.40 लाख |
| मुस्लिम | 85 हजार |
| वैश्य | 90 हजार |
| निषाद | 1.20 लाख |
| कुशवाहा | 1.15 लाख |

### जीत के जातीय समीकरण में सेंधमारी बचाने के लिए चाहर बहा रहे पसीना

पहले बारतीय जनता पार्टी के लिए आसान मानी जा रही फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट तेजी से बदले हालात में कड़ी टक्कर में फंसने की तरफ मुड़ गई है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि अगर बाजपा के पाले से जाट समुदाय के थोड़े भी वोट कटते हैं, तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि राजकुमार चाहर के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। हालांकि जाट मतदाता बंटेंगे, इसे लेकर तमाम लोगों को संदेह है, क्योंकि बिरादरी के लोग सांसद की कार्य शैली से नाराज भले हों पर मोदी और योगी के नाम पर और इस बार रालोद का साथ होने से भाजपा को ही वोट देने की बात कहते नजर आते हैं। लेकिन बातचीत में कहते हैं कि भाजपा को जाटों के बाद ब्राह्मणों और क्षत्रियों के साथ वैश्यों का वोट बहुतायत में मिलता है। इस बार बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी होने से मौजूदा सांसद चाहर को पसीना बहाना पड़ रहा है।

## अदावत भले नई नजर आए पर बात पुरानी है...

भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर और भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल की अदावत करीब 10 साल पुरानी है। जानकारों का कहना है कि इसकी नींव 2014 के लोकसभा चुनाव में पड़ी थी। चौधरी बाबूलाल भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे। उनका आरोप है कि उस समय राजकुमार चाहर ने उनके विरोध में कागारौल में पंचायत की थी। लेकिन इसके बाद भी वे सांसद बने थे। बाद में यह अदावत तब और सुलग उठी जब 2019 में चौधरी बाबूलाल की जगह पार्टी ने राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बना दिया। बाबूलाल इसीलिए कहते रहे हैं कि उनका विरोध प्रत्याशी से है। राजकुमार चाहर के अलावा किसी भी समाज के प्रत्याशी के लिए वे तन, मन और धन से समर्थन करेंगे। उनका विरोध पार्टी से नहीं, सिर्फ प्रत्याशी राजकुमार चाहर से है। पार्टी यहां किसी दूसरे को उतारेगी तो वे और उनका बेटा विरोध नहीं करेंगे।



- इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार 2022 में विधानसभा का चुनाव खेरागढ़ से लड़ चुके हैं। सिकरवार की छवि और छाप लोगों में ठीक है। क्षत्रिय समाज में उनकी लोकप्रियता बेहतर है। उधर, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा फतेहपुर सीकरी के उदैंरा गांव के रहने वाले हैं। वह ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने भी विधानसभा का चुनाव लड़ा था। विपक्ष के दोनों प्रत्याशी जातिगत आंकड़ों में भाजपा प्रत्याशी की बिरादरी जाट समुदाय से संख्या में भारी नजर आते हैं। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने क्षेत्र में ताकत झोंक रखी है।



- 2019 की ही तरह 2014 के चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। चौधरी बाबूलाल चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने बसपा की सांसद सीमा उपाध्याय को करीब पौने दो लाख मतों से शिकस्त दी थी। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता रहे अमर सिंह ने भी राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ा था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहे थे। सपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा था।

### ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य का तमगा पर जाट मतदाता लिखते जीत की पटकथा

- इस सीट को ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य माना जाता है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण और इतने ही क्षत्रिय मतदाता होने का अनुमान है। जाट मतदाता ढाई लाख के आसपास बताए जाते हैं। इसके बाद दलित समाज में जाटब विरादरी का दो लाख तक वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा परंपरागत रूप से बसपा के साथ रहता है। लोधी मतदाता 1.40 लाख तो मुस्लिम मतदाता 85 हजार माना जाता है। जाट समुदाय का वोट लोग यहां निर्णायक मानते हैं।

# जालौन-गरौठा : यहां 1984 से बंद पड़ा कांग्रेस का खाता

अदी शेख पुखरायां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है, लेकिन कभी यह सीट कांग्रेस की मानी जाती थी। इस सीट पर कांग्रेस की उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक हुए 16 लोकसभा चुनावों में 7 बार कांग्रेस को जीत मिली है। लेकिन 1984 के बाद कभी इस सीट पर कांग्रेस का खाता नहीं खुल सका है। इस बार जालौन-गरौठा सीट से भाजपा ने मोदी सरकार में मंत्री और पांच बार के सांसद भानू प्रताप वर्मा को ही उतारा है। बसपा ने सुरेश चंद्र को मैदान में उतारा है। वह बसपा बुंदेलखंड के प्रभारी रह चुके हैं। सपा से नारायण दास अहिरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

आजादी के बाद यहां सबसे पहले चुनाव 1952 में हुआ था। जिसमें कांग्रेस के लोटनराम पहले सांसद बने थे। इसके बाद 1957 में हुए लोक सभा चुनाव में इसी परिवार के लच्छीराम ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का दबदबा बनाया। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामसेवक ने बाजी मारी। हैट्रिक लगाते हुए चैधरी रामसेवक 1967 और 1971 में भी सांसद चुने गए। इमरजेंसी के आक्रोश की आग के बाद इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा टूटा और पहली बार 1977 के चुनाव में कांग्रेस को इस सीट पर हार मिली। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर लड़े रामचरण यहां से सांसद चुने गए। इसके बाद 1980 और 1984 के चुनावों में यहां पर कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की और दोनों बार यहां से कांग्रेस के नाथूराम व लच्छीराम ने चुनाव जीता।1989 में यहां जनता दल ने खाता खोला और जीत दर्ज की।फिर इस सीट पर दोबारा कभी कांग्रेस ने वापसी नहीं की। हालांकि 1991 के चुनाव में जनता दल से भाजपा ने यह सीट छीन ली और बीजेपी के गया प्रसाद कोरी सांसद बने।1996 और 1998 दोनों ही चुनावों में यहां भाजपा ही जीती और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। 1999 में यहां तख्ता पलट हुआ और बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक पूरी नहीं करने दी लेकिन साल 2004 के चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने वापसी की और भानु प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की। वर्ष 2009 में यहां पहली बार सपा ने खाता खोला और घनश्याम अनुरागी चुनाव जीते, लेकिन 2014 में फिर से ये सीट भाजपा के खाते में गई और भानु प्रताप सिंह सांसद चुने गए। भानु प्रताप वर्मा ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को 2,87,202 वोटों से हराकर इस सीट पर कब्जा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भानू प्रताप वर्मा ने एक बार फिर इस सीट पर विजय हासिल की।

# कांग्रेसियों की चुप्पी को मुफीद मान रही भाजपा

**फर्रुखाबाद सीट**

- बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय और सपा से डॉ. नवल किशोर मैदान में
- भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे हैं मुकेश राजपूत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद या उनके परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी सपा के हिस्से में यह सीट आई है। पार्टी ने यहां से डॉ. नवल किशोर को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय पर विश्वास जताया है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत जहां हैट्रिक लगाने के लिए कसरत कर रहे हैं तो सपा- बसपा उनकी जीत रोकने के लिए चक्रव्यूह भेदने में जुटी हुई हैं। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की चुप्पी को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है।

भाजपा ने पहली बार इस सीट पर 1996 में कब्जा किया था। राम मंदिर लहर में साक्षी महाराज जीते थे। 1998 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में यह सीट भाजपा नहीं जीत पायी। मोदी लहर में 2014 में भाजपा के खाते में यह सीट गई तो 2019 में भी मुकेश राजपूत लगातार दूसरी बार जीते। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा का पलड़ा इस सीट पर भारी है। पार्टी ने चार विधानसभा जीतीं हैं तो उसकी सहयोगी अपना दल के हिस्से में एक सीट आई थी। अब भाजपा पिछले चुनावों का न सिर्फ जीत की हैट्रिक बनाना चाहती है बल्कि उसकी कोशिश है कि जीत का अंतर भी बड़ा हो।

**हमने चुना सांसद**



मतदान का फैसला तो चार जून को आएगा, लेकिन बुलंदशहर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद बाहर निकली महिलाओं और युवाओं ने कुछ इस अंदाज में उत्साह का प्रदर्शन किया मानो उन्होंने मतदान का अधिकार जीत लिया।



रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पत्नी चारु चौधरी के साथ मथुरा में किया मतदान।



मथुरा में साधु- संतों ने भी मतदान किया । अमृत विचार

**इटावा लोकसभा क्षेत्र** — वर्ष 1999 से 2009 तक सपा इटावा लोकसभा सीट पर लगातार तीन बार कर चुकी है जीत दर्ज

# मुलायम के घर में दिलचस्प हुई भाजपा की हैट्रिक रोकने की लड़ाई

**इटावा।** इटावा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का गृह जिला होने के चलते इटावा के नतीजों को सैफई परिवार की साख से जोड़ा जाता है। इस बार भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को ही मैदान में उतारा है। सपा ने जितेंद्र दोहरे को सीट वापस लाने और भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी दी है। बसपा ने हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह को टिकट देकर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा ने यहां लगातार तीन बार जीत दर्ज की। हालांकि 2014 में भाजपा ने सपा के जीत का सिलसिला तोड़ा और 2019 में भी जीत का सिलसिला कायम रखा। बसपा यहां केवल 1991 में तब जीती थी, जब उसके संस्थापक कांशीराम उम्मीदवार थे। इस चुनाव में मुलायम ने भी उनका साथ दिया था।



**भाजपा लगा रही पूरा जोर**

भाजपा इटावा सीट पर कमल खिलाने के लिएपूरा जोर लगा रही है। सैफई में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा के बाद इटावा में 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में पहले ही सभा कर चुके हैं। इटावा में अनुमानित जातिगत आंकड़ों की बात करें तो दलित वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इसके अलावा यादव, लोधी और शाक्य वोटर भी चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं। यहां दलित वोटर करीब 4 .50 लाख, ब्राह्मण वोटर 2 लाख 50 हजार, यादव मतदाता 2 लाख 25 हजार, लोधी 1 लाख 20 हजार, शाक्य 1 लाख 25 हजार, पाल बघेल 1 लाख 10 हजार, अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या करीब 1 लाख 25 हजार है।

**भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने निर्दलीय उतरकर चर्चाओं को दिया जन्म :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के खिलाफ उनकी पत्नी मृदुला कठेरिया ने नामांकन करा दिया है। मृदुला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा है। उनका कहना है कि इस बार नामांकन वापस लेने के लिए पर्चा नहीं भरा है। पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। मृदुला कठेरिया ने कहा कि जनतंत्र, प्रजातंत्र और लोकतंत्र में सभी लोग स्वतंत्र हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी मृदुला ने निर्दलीय नामांकन किया था, लेकिन उस समय उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया था। भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया आगरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर हैं। वह आगरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें इटावा से चुनावी मैदान में उतारा और रामशंकर तीसरी बार सांसद बने थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को करीब 65 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

दलित उपजाति धानुक समुदाय से आने वाले राम शंकर कठेरिया को 2014 में भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था। वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।

**18 लाख से ज्यादा मतदाताओं में 25 हजार पहली बार देंगे वोट:** इटावा लोकसभा में कुल 18 लाख 23 हजार 732 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 81 हजार 602 पुरुष मतदाता और 8 लाख 42 हजार 97 महिला मतदाता हैं। नए मतदाता जो पहली बार वोट डालेंगे, उनकी संख्या 25 हजार 367 है। 14 हजार 763 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 14 हजार 808 वरिष्ठ मतदाता हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450-55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,550 |
| सोना रवा | 73,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,300 |
| चांदी (999) | 83,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 82,550 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 814 (अनुमानित) |

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118-125 रुपये उड़द :95-101 रुपये धोआ उड़द : 110-120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### अर्जस स्टील में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी संदूर

नई दिल्ली। संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड शेयर खरीद समझौते के माध्यम से अर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने इस सौदे के लिए मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया।

# पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

## बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर



सेंसेक्स में 641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

### अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

# अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने



● विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

# 2024-25 में जीडीपी 6.6% होने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6% और उसके अगले वर्ष 6.75% पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में 2025 में समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर होंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं।

### चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1% रहने का अनुमान जताया है। संस्थान ने एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण से राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने 7% तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

# लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

### आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आतिशबाजी से लगी आग में छह की मौत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है। कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई। दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है।

### गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अदालत ने मुआवजा देने के आदेश का पालन न करने पर एसडीएम की कुर्सी कुर्क की

**विदिशा (मप्र)।** विदिशा जिले की अदालत ने उप-विभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की कुर्सी और अन्य आधिकारिक चल संपत्तियों को कुर्क किया है। एसडीएम ने पिछले साल के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया था, जिसमें पांच लोगों को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। इन पांचों की जमीन 2011 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। दिसंबर 2023 में एक किसान सहित इन पांच लोगों ने सिरोंज में जिला अदालत का रुख किया था। पांचों ने दावा किया कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है। शुकवार को एक वकील और याचिकाकर्ता कपिल त्यागी ने कहा कि जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने मार्च 2024 में सरकारी अधिकारियों को आदेश को लागू करने का आखिरी मौका दिया। आदेश का पालन न होने पर न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को निर्देश दिया कि सिरोंज के एसडीएम हर्षल चौधरी के कार्यालय में कुर्सी, अन्य फर्नीचर और कंप्यूटर सहित चल संपत्ति को कुर्क किया जाए। उन्होंने बताया कि अगर हमें अब भी मुआवजा नहीं मिलता है, तो हम प्रतिवादियों की अचल संपत्ति को कुर्क करने की मांग करते हुए याचिका दायर करने जा रहे हैं।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

## 26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

**मालदा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।



मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

● प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

**अररिया-मुंगेर।** प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

# मोदी घबरा गए हैं, उनकी आंखों से जल्द निकलेंगे आंसू : राहुल

**विजयपुरा, ,एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में मौजूदा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। गांधी ने मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता ने जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों लोगों को लखपति बनायेगी। गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### भाजपा नौकरी खाने वाली पार्टी : ममता



**पिंगला।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नौकरी खाने वाली पार्टी है और 26,000 शिक्षकों की आजीविका छीनने की साजिश के लिए राज्य के लोग उसके नेताओं को माफ नहीं करेंगे। ममता घाटल में पार्टी उम्मीदवार देव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भाजपा के साथ माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला तथा दोनों दलों को राज्य में भाजपा की आंख और कान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने आदमखोर बाघों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपने नौकरी खाने वाली भाजपा के बारे में सुना है?

# महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। आप पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास नारेबाजी की और बाद में, सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे दलित विरोधी कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर संविधान की हत्या करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी। एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया।



● कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे

● पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

# संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

● तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

# अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

# बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

## आज का मुकाबला

| | |
|---|---|
| दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स |
| दोपहर 3:30 बजे | शाम 7:30 बजे |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

# जॉनी-शशांक ने बौना कर दिया 262 का लक्ष्य

## पंजाब ने रचा इतिहास कोलकाता को आठ विकेट से हराया, बेयरस्टो ने बनाए नाबाद 108 रन




कोलकाता, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है। पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाए। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुए नाबाद 68 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला। यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुलमिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे कोलकाता के फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने चौके और छक्को की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। सॉल्ट (75) और नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स 262 रनों का लक्ष्य दिया।




### कोलकाता 261/ 6

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6/6 |
| सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9/4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3/2 |
| आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2/2 |
| श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1/3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 5 | 4 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 6 | 3 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### पंजाब 262/2

18.4 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभुसिमरन सिंह रन आउट नारायण | 54 | 20 | 4/5 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 | 48 | 8/9 |
| रिले रोसौव कैच श्रेयस बो नारायण | 26 | 16 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 | 28 | 2/8 |

**गेंदबाजी :** चमीरा 3-0-48-0, हर्षित 4-0-61-0, अनुकूल 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, वरूण 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0.4-0-9-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## खेल डायरी

### सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।



### सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

### नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।



### ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की



**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

### शुभंकर शर्मा जापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

## अगर तदर्थ समिति वापस आई तो फिर लगेगा प्रतिबंध : यूडब्ल्यूडब्ल्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारत पर फिर से प्रतिबंध लगाने और उसके पहलवानों को अगले महीने होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर करने की धमकी दी, अगर खेल को चलाने के लिए तदर्थ समिति को फिर से लाया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जिसमें कहा गया कि उन परिस्थितियों को बताया जाए जिसके कारण राष्ट्रीय कुश्ती संस्था को चलाने के लिए तदर्थ समिति को भंग करना पड़ा।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) को लिखे एक पत्र में अपना रुख दोहराया कि वे किसी भी देश के राष्ट्रीय संघ के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने डब्ल्यूएफआई को अपने ईमेल में लिखा, डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय द्वारा इसके मामलों की निगरानी के लिए एक तदर्थ समिति लाने की धमकी दी गई है।

उन्होंने डब्ल्यूएफआई को इस कदम के गंभीर प्रभावों की याद दिलाई जिसमें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को खतरे में डालना शामिल है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू कानून और ओलंपिक चार्टर के अनुसार राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहेंगे।

## मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल



**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

### गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

## दीपिका सेमीफाइनल में पहुंची तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

**विश्व कप**



मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

## चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

## थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना



है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

### दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

**तैयारी जीत की** — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

## दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स



**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# स्याही वाली उंगली दिखाओ, फ्री में डोसा खाओ

बेंगलुरु, एजेंसी



बेंगलुरु में मतदाताओं को लड्डू बांटते स्थानीय व्यवसायी।

चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं।

अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने 'वोट माडी, ऊटा माडी' (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी 'स्याही लगी उंगली' दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया। बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की।

# द. भारत में जल संकट, 17% जलाशय स्तर घटा

नई दिल्ली, एजेंसी



42 जलाशय हैं दक्षिणी क्षेत्र में, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है

गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है और कई क्षेत्रों में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं।

सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि दक्षिणी क्षेत्र में 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।

### भारत में जल संकट का गंभीर खतरा

दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50% से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है।

### 75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

ट्रांसफॉर्मिंग क्रॉप कल्टीवेशन : एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

## एक नजर

### पाक में चौक का नाम भगत सिंह रखने पर सरकार ने मांगा समय

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के मुद्दे पर हाईकोर्ट से और समय देने की मांग की। लाहौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा, भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में शादमान चौक का नाम बदलकर भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकार के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। अब पंजाब सरकार के महाधिवक्ता इमरान ने अदालत से कहा कि चौक बदलने को लेकर सरकार को और समय दिया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है। बयान में कहा गया है, मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 देश रिपोर्ट : पाकिस्तान शीर्षक वाली रिपोर्ट की अनुचित सामग्री और गलत जानकारी पर आधारित है।

### श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

### वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

**हनोई।** वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

# डिजिटल से मजबूत हुई विकास की बुनियाद

## यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद यूएन की स्थायी सदस्य रुचिरा कंबोज और अमिताभ कांत।

### सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

### भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

### भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक : डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

# बाइक पर स्टंट करता पकड़ा स्पाइडर कपल, काटा चालान



**नई दिल्लीर।** दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने मामले में पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद युवक और युवती के खिलाफ बिना हेलमेट, लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

### सेवा विवाद: केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## तेलंगाना में परीक्षा परिणाम से आहत 7 छात्र-छात्राओं ने 48 घंटों में की आत्महत्या

**हैदराबाद, एजेंसी।** परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परीक्षा में असफल होने के बाद दो लड़कियों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी।

(पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि प्रथम वर्ष के एक छात्र ने परीक्षा में असफल होने के बाद सुल्तानबाजार पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत अपनी जान दे दी। शहर के नल्लाकुंटा इलाके का रहने वाला एक और लड़का जडचेरला में एक रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि उसकी मौत का कारण परीक्षा में खराब प्रदर्शन है। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

### पतंग उत्सव



पेरिस : फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

# गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- दो पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, 21 अप्रैल को पुलिस ने की थी कार्रवाई

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक को अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा सचिन पर दो अधिकारियों को टक्कर मारने व अपने रूममेट पर हमला करने का आरोप था। उन्होंने कहा आगे की जांच जा रही है।

### भारतीय के लिए सुरक्षित है अमेरिका

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं। जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की हत्या के सवाल पर उन्होंने कहा-हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

## भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



अमेरिका में युद्ध के विरोध में जॉर्ज वाशिंगटन विवि परिसर में तांबू तानकार बैठे छात्र।

# अमेरिका: फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विश्वविद्यालय की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। साप्ताहिक कॉलेज पत्रिका 'प्रिंसटन एलुमनी' ने बताया है कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

विज्ञान | वैज्ञानिकों को मिली सफलता, इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता है

# चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय



चंद्रमा पर बना गड्ढा।

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था। दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है।

यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है। नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया। इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है। 16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।

### तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा करेगा नमूने एकत्र

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एन इ ओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

# तिब्बत की स्वायत्तता की मांग पर बातचीत से चीन का इनकार

बीजिंग, एजेंसी

- चीन बोला- दलाई लामा के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे...न कि भारत में बैठे निर्वासित अफसरों से



चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह केवल दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेगा, न कि भारत में स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार के अधिकारियों से। साथ ही दलाई लामा की तिब्बत की स्वायत्तता की लंबे समय से लंबित मांग पर बातचीत से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन निर्वासित तिब्बती सरकार और चीनी सरकार के बीच पर्दे के पीछे बातचीत की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

वांग ने कहा कि चीन धर्मशाला स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार को अलगाववादी गुट मानता है। यह पूरी तरह से चीनी संविधान और कानूनों के खिलाफ है, यह अवैध है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश ने इसे मान्यता नहीं दी है। बता दें, तिब्बत की निर्वासित सरकार के राजनीतिक प्रमुख पेन्पा त्सेरिंग ने गुरुवार को धर्मशाला में पत्रकारों के से कहा था कि पिछले साल से हमारे बीच पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है, लेकिन हमें तत्काल कोई अपेक्षा नहीं है। वांग ने कहा कि दलाई लामा के समूह के वार्ता को दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला, निर्वासित सरकार या तथाकथित प्रशासनिक प्रतिनिधियों के बजाय दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेंगे। दूसरा, बातचीत व्यवस्था पर होगी, न कि तिब्बत की स्वायत्तता को लेकर, जो दलाई लामा की मुख्य मांग है।